उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

बी पी एस न्यूज

सच का साथी..

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-46
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 16 दिसंबर, 2024



नहीं रहे तबला वादक जाकिर हुसैन

सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद में जलाई कैंडिल 8
महानगर की पहचान पान मसाला को समाप्त करने की साज़िश: ज्ञानेश मिश्र 7

# संभल में मिला 46 साल पुराना मंदिर, 1978 के दंगों के बाद से था बंद- सीएम योगी

उत्तर प्रदेश के संभल में 46 साल पुराने मंदिर के मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयान आया है। सीएम योगी ने एक कार्यक्रम में इस मुद्दे को उठाया और सवाल किया कि संभल में इतना प्राचीन मंदिर क्या रातों-रात प्रशासन ने बना दिया? क्या वहां बजरंगबली की इतनी प्राचीन मूर्ति रातों-रात आ गई? सीएम योगी ने सवाल पूछा कि उन दरिंदों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली, जिन्होंने 46 वर्ष पहले संभल में नरसंहार किया था? इस पर चर्चा क्यों नहीं होती है?



बता दें, जिला प्रशासन द्वारा संभल में अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अधिकारियों को शनिवार को यह मंदिर मिला। अधिकारियों को मंदिर में एक शिवलिंग और हनुमान की एक मूर्ति भी मिली। स्थानीय लोगों का दावा है कि 1978 में सांप्रदायिक दंगों के बाद हिंदू समुदाय के सदस्यों के यहां से पलायन करने के बाद से ही यह मंदिर बंद था।अभियान का नेतृत्व कर रहीं उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने कहा, क्षेत्र का निरीक्षण करते समय, हम अचानक इस मंदिर में पहुंचे। इसके बाद मैंने तुरंत जिले के अधिकारियों को सूचित किया। फिर हमने मंदिर को फिर से खोलने का फैसला किया। उन्होंने आगे बताया कि स्थानीय निवासियों ने पुष्टि की है कि यह मंदिर 1978 से बंद था। उन्होंने बताया कि मंदिर के पास एक कुआं भी है और अधिकारी उसके जीर्णोद्धार की योजना बना रहे हैं।संभल जिले के कोट गर्वी के निवासी मुकेश रस्तोगी ने कहा, हमने हमारे पुरखों से इस मंदिर के बारे में काफी कुछ सुना था। यह एक प्राचीन मंदिर है, लेकिन यह लंबे समय से बंद था। चूंकि एक वर्ग विशेष समुदाय के लोग वहां रहते हैं, इस वजह से वह मंदिर बंद पड़ा था।उन्होंने कहा कि 1978 में संभल में हुए दंगों के बाद से यह मंदिर बंद रहा है, हमने सुना है कि यह कम से कम 500 साल पुराना होगा।वर्ष 1978 के दंगों के बाद, हमारे समुदाय के लोगों को इस क्षेत्र से पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हमारे कुलगुरु को समर्पित यह मंदिर तब से बंद है। उन्होंने आगे बताया कि खग्गू सराय में भी हमारा घर हुआ करता था। करीब 25-30 हिंदू परिवार वहां रहते थे। 1978 के दंगों के बाद हमने मकान बेच दिए और वह जगह छोड़ दी। यह बहुत प्राचीन मंदिर है और इसे रस्तोगी समुदाय का मंदिर कहा जाता था। पहले हमारे समुदाय के लोग यहां पूजा करने आते थे।

# विश्व विख्यात तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन, सैन फ्रांसिस्को में ली आखिरी सांस



नई दिल्ली/सैन फ्रांसिस्को। विश्व विख्यात तबला वादक और पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। सैन फ्रांसिस्को में उनका इलाज चल रहा था। वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली। अस्पताल से जुड़े सूत्रों ने उस्ताद के निधन की पुष्टि की है, लेकिन उनके परिवार का बयान अभी नहीं आया है। उनका जन्म नौ मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था।

उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था। जाकिर हुसैन को तीन ग्रैमी अवॉर्ड भी मिल चुके थे। उनके पिता का नाम उस्ताद अल्लाह रक्खा कुरैशी और मां का नाम बीवी बेगम था। जाकिर के पिता अल्लाह रक्खा भी तबला वादक थे। जाकिर हुसैन की प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के माहिम स्थित सेंट माइकल स्कूल से हुई थी। इसके अलावा उन्होंने ग्रेजुएशन मुंबई के ही सेंट जेवियर्स कॉलेज से किया था।

जाकिर हुसैन ने सिर्फ 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया था। वर्ष 1973 में उन्होंने अपना पहला एल्बम 'लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड' लॉन्च किया था। सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे उस्ताद जाकिर हुसैन। जाकिर के अंदर बचपन से ही धुन बजाने का हुनर था। वह कोई भी सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे।

यहां तक कि किचन में बर्तनों को भी नहीं छोड़ते थे। तवा, हांडी और थाली, जो भी मिलता उस पर हाथ फेरने लगते थे।

तबले को अपनी गोद में रखते थे जाकिर हुसैन। शुरुआती दिनों में उस्ताद जाकिर हुसैन ट्रेन में यात्रा करते थे। पैसों की कमी की वजह से जनरल कोच में चढ़ जाते थे। सीट न मिलने पर फर्श पर अखबार बिछाकर सो जाते थे। इस दौरान तबले पर किसी का पैर न लगे, इसलिए उसे अपनी गोद में लेकर सो जाते थे।

जाकिर को केवल 12 साल की उम्र में पांच रुपए मिले, जिसकी कीमत उनके जीवन में सबसे ज्यादा रही। जब जाकिर हुसैन 12 साल के थे तब अपने पिता के साथ एक कॉन्सर्ट में गए थे। उस कॉन्सर्ट में पंडित रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खान, बिस्मिल्लाह खान, पंडित शांता प्रसाद और पंडित किशन महाराज जैसे संगीत की दुनिया के दिग्गज पहुंचे थे।

# संभल के प्राचीन मंदिर में 46 साल बाद हुई आरती, भक्तों की उमड़ी भीड़



चंडीगढ़। उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में फिर से खोले गए प्राचीन भस्म शंकर मंदिर में रविवार सुबह 46 साल बाद आरती की गई। बता दें कि नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी ने कहा कि मंदिर 1978 के दंगों के बाद से बंद है। संभल जिले के अधिकारियों को क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान भगवान शिव और हनुमान विराजमान मंदिर मिला।कथित तौर पर इसे उस समय रस्तोगी समुदाय के मंदिर के रूप में जाना जाता था। यह सदियों पुराना मंदिर खग्गू सराय इलाके में स्थित है, जो शाही जामा मस्जिद के एक किलोमीटर के दायरे में है, जिसके कारण पिछले महीने संभल में हिंसा भड़क उठी थी।हाल ही में फिर से खोले गए मंदिर के बाहर यूपी पुलिस के जवान तैनात किए गए थे।

सुबह की पूजा और आरती से पहले मंदिर परिसर की सफाई की गई और बिजली की व्यवस्था भी की गई। मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले आचार्य ब्रह्म शुक्ला ने बताया, हम सुबह आए और आरती करने के लिए मंदिर की सफाई की। यहां एक ब्राह्मण को नियुक्त किया जाना चाहिए ताकि वह यहां रह सके। जब तक इस मंदिर के लिए केयरटेकर नियुक्त नहीं हो जाता, हम जिम्मेदारी लेंगे।इसके अलावा, अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जब अधिकारियों ने सदियों पुराने मंदिर की खोज की, तो जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि साइट पर एक प्राचीन कुआं भी मिला है।

# ट्रैक्टर से बांधकर गोवंशीय पशुओं के शवों को खींचने के लिए दो लोगों के खिलाफ मुकदमा

हिंदू महासभा संगठन के पदाधिकारियों के मुताबिक, वायरल वीडियो देवीपुरा गोशाला से जुड़ा है, जिसमें देवीपुरा गोशाला के संचालक जमुना प्रसाद और ग्राम प्रधान छोटे लाल के बेटे शेर सिंह दिखाई दे रहे हैं।उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में गोवंशीय पशुओं के शवों को ट्रैक्टर के पीछे बांधकर उन्हें कथित रूप से खींचते हुए ले जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान के बेटे सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हिंदू महासभा के नेताओं की लिखित शिकायत पर यह कार्रवाई की गयी। गजरौला थाना के प्रभारी निरीक्षक जगदीप मलिक ने बताया कि इस मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव को सौंप दी गई है।मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि गोवंशीय पशुओं के शवों को सम्मानजनक तरीके से दफनाया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।हिंदू महासभा संगठन के पदाधिकारियों के मुताबिक, वायरल वीडियो देवीपुरा गोशाला से जुड़ा है,



# भाजपा और उसके सहयोगी विज्ञापनों पर जनता का पैसा खर्च कर रहे-तेजस्वी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को भाजपा के इस दावे पर कटाक्ष किया कि 'एक देश, एक चुनाव' से चुनावी खर्च में कमी आएगी और साथ ही भाजपा एवं उसके सहयोगियों पर विज्ञापनों पर जनता का पैसा खर्च करने का आरोप लगाया।बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग से राज्य का आगामी विधानसभा चुनाव "एक ही चरण में कराने की मांग की, जैसा पहले भी होता रहा है।" दरभंगा में प्रेसवार्ता के दौरान जब पत्रकारों ने राजद नेता से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ



चुनाव कराने संबंधी विधेयक के बारे में पूछा तो उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, "मौजूदा स्वरूप में चुनाव कराने में क्या समस्या है?"जब उनसे कहा गया कि केंद्र की भाजपा सरकार का मानना ??है कि एक साथ चुनाव कराने से इस पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, तो तेजस्वी ने पलटवार करते हुए कहा, "और विज्ञापनों का क्या? भाजपा को प्रचार पसंद है।"उन्होंने आरोप लगाया, "बिहार जैसे गरीब राज्य में भी सरकार विज्ञापनों पर पैसे लुटाती है। जरा पता लगाइए कि राजग ने 20 साल पहले राज्य में सत्ता में आने के बाद से लेकर और केंद्र में अपने 11 साल के शासन के दौरान प्रचार पर कितना पैसा खर्च किया है।"

तेजस्वी ने कहा, "बिहार में एक ही चरण में चुनाव होना चाहिए क्योंकि पहले भी ऐसा ही होता था। निर्वाचन आयोग को इसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए क्योंकि बिहार के साथ किसी दूसरे राज्य में चुनाव नहीं होना है।

# मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा कर देगी केंद्र सरकार: अमित शाह



छत्तीसगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार 31 मार्च 2026 से पहले राज्य से नक्सलवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शाह ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

शाह ने नक्सलियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति की भी सराहना की और उनसे हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा, राज्य नेतृत्व, मुख्यमंत्री, राज्य के गृह मंत्री ने संकल्प लिया है और भारत सरकार भी आपके संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध है। हम सब मिलकर 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। हम सब 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के चंगुल से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करना राज्य पुलिस का संकल्प है।शाह ने कहा कि राष्ट्रपति कलर अवार्ड सिर्फ एक पुरस्कार नहीं है, यह सेवा, समर्पण और बलिदान का प्रतीक है और यह पुलिस को जिन अनगिनत चुनौतियों से निपटना है, उनकी याद दिलाता है। गृह मंत्री ने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी और अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटेगी।

शाह ने कहा, मुझे विश्वास है कि कल से छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान अपनी वर्दी पर यह प्रतीक चिन्ह लगाकर निकलेंगे तब उनका मनोबल कई गुना बढ़ जाएगा।उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।राज्य में पिछले एक साल में 287 नक्सलियों को मार गिराया गया, करीब एक हजार को गिरफ्तार किया गया और 837 ने आत्मसमर्पण किया, जो नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में आई तेजी को दर्शाता है। राज्य में पिछले एक साल में (नक्सलियों के) 14 शीर्ष कैडर को मार गिराया गया।

शाह ने कहा कि चार दशकों में पहली बार नक्सली हिंसा में नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौत की संख्या 100 से कम हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में पूरे देश में नक्सलवाद पर अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों की (उससे पहले के 10 सालों का) तुलनात्मक विश्लेषण दिखाता है कि माओवादी हिंसा में सुरक्षाकर्मियों की मौत में 73 प्रतिशत और नागरिकों की मौत में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है।शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस देश के विभिन्न सुरक्षा बलों के साथ मिलकर नक्सलवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी कर चुकी है।

# पंजाब के डीजीपी, केंद्र सरकार के प्रतिनिधि ने किसान नेता डल्लेवाल से की मुलाकात

पंजाब। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गृह मंत्रालय में निदेशक मयंक मिश्रा के साथ रविवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। कैंसर से ग्रस्त 70 वर्षीय डल्लेवाल 26 नवंबर से पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी सीमा पर अनशन पर बैठे हुए हैं ताकि केंद्र पर फसलों के एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया जा सके।यादव ने संवाददाताओं से कहा, "हम डल्लेवाल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने आए थे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के प्रतिनिधि मयंक मिश्रा को विशेष रूप से यहां भेजा गया था। खनौरी सीमा पर मुलाकात के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक मंदीप सिंह सिद्धू, पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह और पटियाला की उपायुक्त प्रीति यादव भी मौजूद थीं।खनौरी सीमा पर विरोध स्थल पर पहुंचने से पहले यादव ने किसान नेता सुखजीत सिंह, काका सिंह कोटड़ा और अन्य नेताओं के साथ बैठक की। डीजीपी यादव की यह बैठक उच्चतम न्यायालय द्वारा केंद्र तथा पंजाब सरकार के प्रतिनिधियों को डल्लेवाल से तुरंत मुलाकात के लिए निर्देश देने के दो दिन बाद हुई है।न्यायालय ने यह कहते हुए डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता प्रदान करने और अनिश्चितकालीन अनशन तोड़ने के खातिर मनाने के लिए कहा था कि उनका का जीवन कीमती है। डॉक्टरों ने पहले ही डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करने के लिए कहा है क्योंकि लंबे समय तक अनशन करने के कारण वह कमजोर हो गए हैं। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम के बैनर तले किसान 13 फरवरी को सुरक्षा बलों द्वारा दिल्ली जाने पर रोके जाने के बाद से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं।फसलों के लिए एमएसपी पर कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कर्ज माफी, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, बिजली दरों में बढ़ोतरी नहीं करने, पुलिस द्वारा आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों को वापस लेने और 2021 लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को बहाल करना और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देना भी उनकी मांगों का हिस्सा है।

# महाराष्ट्र में हुआ कैबिनेट का पहला विस्तार, 39 मंत्रियों ने ली शपथ



नागपुर। मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा को 19 मंत्री पद मिले, एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को 11 और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9 मंत्री पद मिले। तैंतीस विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि छह ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली।राज्यपाल पी सी राधाकृष्णन ने 16 से 21 दिसंबर तक नागपुर में आयोजित होने वाले राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर एक समारोह में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी मौजूद थे, जिन्होंने पांच दिसंबर को मुंबई में शपथ ली थी।नए मंत्रिपरिषद में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार भी शामिल हैं। बीस नवंबर को हुए राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे।

## संपादकीय

### शतरंज का बादशाह

भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डी का वर्ल्ड चैंपियन बनना हर भारतीय को उल्लास से भर गया। वजह है कि वह दुनिया में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। जो बताता है कि भारत अब शतरंज के ग्रैंड मास्टरों की खान बनता जा रहा है। वीरवार को उसने सिंगापुर में खेली गई विश्व चैंपियनशिप की 14वीं अंतिम बाजी में चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिझेन को हराया। बचपन में किसी पत्रकार ने उनसे पूछा था कि उनका सपना क्या है तो बालक गुकेश ने दो टूक शब्दों में कहा था कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। यह तो तय था कि वे विश्व चैंपियन बनेंगे, लेकिन इतनी जल्दी बनेंगे यह उम्मीद उनके अलावा किसी को नहीं थी। विश्वनाथन भी विश्व चैंपियन बने मगर वे 31 साल की उम्र में यह करिश्मा दिखा पाए। यही वजह है कि 14वीं व अंतिम बाजी जीतने के बाद वे भाव-विभोर होकर अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद खुशी से सार्वजनिक रूप से रो पड़े। बेहद सहज व सरल स्वभाव के गुकेश का बड़प्पन देखिए कि इस बड़ी जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि हारने वाले डिंग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। बहरहाल, आज गुकेश निर्विवाद रूप से शतरंज के बादशाह हैं। उनकी साधना ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का भरपूर संबल रहा। यहां तक कि बेटे की सुनहरी कामयाबी के लिये पिता ने अपना कैरियर तक दांव पर लगा दिया। वैसे सिंगापुर में तेरह दिसंबर तक चलने वाली चेस चैंपियनशिप का एक सुखद पहलू यह भी है कि शतरंज में एशिया का वर्चस्व नजर आया। यह इस विश्वस्पर्धा के 138 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दो एशियाई शतरंज के माहिर खिताबी जीत के लिये मुकाबला कर रहे थे। वहीं मुकाबला इतना कड़ा था कि गुकेश डी और पूर्व चैंपियन डिंग के बीच तेरह मुकाबलों तक बाजी बराबरी पर छूटी। जिससे शतरंज प्रेमियों में खेल का रोमांच बराबर बना रहा।

बहरहाल, इस कड़े मुकाबले का निष्कर्ष यह है कि इस मुकाबले के बाद गुकेश शतरंज की दुनिया के बेताज बादशाह बन गए हैं। उन अंतर्राष्ट्रीय माहिरों को मुंह की खानी पड़ी जो कुछ राउंड के बाद गुकेश को कमतर आंक रहे थे। वैसे पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने इस मुकाबले को जटिल व कठिन बताया था। बहरहाल, चेन्नई के गुकेश डी की इस कामयाबी ने एक संकेत यह दिया कि चेन्नई देश को लगातार विश्वस्तरीय ग्रैंडमास्टर दे रहा है। यहां तक कि कई चैंपियन देने वाले चेन्नई को भारत की शतरंज की राजधानी तक कहा जाने लगा है। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि गुकेश के परिवार में कभी किसी ने शतरंज नहीं खेला। उनके खेल के प्रति जुनून ने ही उन्हें विश्व चैंपियन बनाया है। यहां तक कि स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। वे 2019 में भारत के सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने वाले मोहरों के माहिर थे। कालांतर उनकी प्रतिभा निखारने के लिये पिता ने उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिलाया। उनके प्रशिक्षकों ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया। परिवार व स्कूल के संबल से प्रतिभा निखरी।

# हरियाणा में नशा विरोधी रणनीतियों को नई धार

हरियाणा ने परिवर्तनकारी नशा विरोधी संचार मॉडल में पहलकदमी की है। जो कि पुराने तौर-तरीकों से जुदा है। सांस्कृतिक प्रासंगिकता में निहित, व्यवहार विज्ञान से सीखते हुए और प्रौद्योगिकी द्वारा संवर्धित, यह समग्र रणनीति न केवल नशीली दवाओं के उपयोग के खिलाफ चेताती है बल्कि लोगों को सूझबूझ पूर्ण निर्णय लेने और लचीलापन विकसित करने हेतु सशक्त भी बनाती है। हरियाणा का यह तरीका मिसाल है कि कैसे नवीन उपाय और जन-केंद्रित रणनीति स्थायी असर पैदा कर सकती है।पारंपरिक नशा विरोधी प्रचार अक्सर एकतरफा संचार पर निर्भर रहते हैं, जिसमें नशीली दवाओं के उपयोग करने के खतरों पर जोर देना या कड़ी चेतावनी जारी करना शामिल हैं।



भारत नशाखोरी की महामारी की चपेट में है, जिसका असर न केवल व्यक्तिगत जीवन बल्कि यह राष्ट्र की सामाजिक और आर्थिक नींव को भी खतरे में डालता है। यह त्रासदी परिवारों, समुदायों और जनस्वास्थ्य प्रणाली तक में व्याप्त है, जिसके लिए तत्काल और नूतन समाधान की आवश्यकता है। हालांकि कानून लागू करने वाले विभागों ने आपूर्ति श्रृंखला पर अंकुश लगाने में काफी प्रगति की है, लेकिन इसकी मांग को जड़ से खत्म करने संबंधी उपाय एक कठिन चुनौती बने हुए हैं। इस जंग में, प्रभावी संचार एवं जागरूकता मुहिम अपरिहार्य हैं। लेकिन पारंपरिक ढंग जैसे व्याख्यान और डर पैदा करने वाले संदेश, अपना असर करने में विफल रहे हैं विशेष रूप से युवाओं में, जो मादक द्रव्यों के सेवन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं।हरियाणा ने परिवर्तनकारी नशा विरोधी संचार मॉडल में पहलकदमी की है। जो कि पुराने तौर-तरीकों से जुदा है। सांस्कृतिक प्रासंगिकता में निहित, व्यवहार विज्ञान से सीखते हुए और प्रौद्योगिकी द्वारा संवर्धित, यह समग्र रणनीति न केवल नशीली दवाओं के उपयोग के खिलाफ चेताती है बल्कि लोगों को सूझबूझ पूर्ण निर्णय लेने और लचीलापन विकसित करने हेतु सशक्त भी बनाती है। हरियाणा का यह तरीका मिसाल है कि कैसे नवीन उपाय और जन-केंद्रित रणनीति स्थायी असर पैदा कर सकती है।पारंपरिक नशा विरोधी प्रचार अक्सर एकतरफा संचार पर निर्भर रहते हैं, जिसमें नशीली दवाओं के उपयोग करने के खतरों पर जोर देना या कड़ी चेतावनी जारी करना शामिल हैं। नेक इरादे से किए जाने के बावजूद, ये ढंग शायद ही कभी मादक द्रव्यों के सेवन के गहन कारक जैसे कि साथियों का दबाव, तनाव, भावनात्मक अलगाव और दूसरों से होड़ के कारण बनने वाली मानसिक स्थिति को छूते हैं। इसीलिए युवाओं को ऐसे अभियान अक्सर उनकी वास्तविकताओं से कटे हुए महसूस होते हैं, जिससे उनकी प्रभावशीलता नगण्य हो जाती है।


इन कमियों को पहचानते हुए, हरियाणा ने लोगों को सार्थक रूप से जोड़ने के वास्ते, अपनी प्रचार रणनीति को नए सिरे से तैयार किया है और भय-आधारित संदेश देने के बजाय उनके अंदर अपने सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भों से सहभागिता, सरोकार और सशक्तीकरण पैदा करने वाले बदलाव लाने का प्रयास किया है। जागरूकता बनाने और इसको मूर्त रूप देने के बीच की खाई को पाटने में यह आमूल-चूल बदलाव महत्वपूर्ण साबित हुआ है।हरियाणा के इस अभिनव दृष्टिकोण के केंद्र में 'चक्रव्यूह' नामक कार्यक्रम है, जोकि इस विषय में शिक्षित करने के ढंग में परिवर्तन है, यह प्रतिभागियों में रुचि जगाकर, उन्हें जीवन जीने और नशों से दूर रहने की अभिनव कला सिखाता है। इसमें प्रतिभागी टीम में काम करते हुए असली जिंदगी जैसी समस्याओं को सुलझाने, कठिनाई जनित जिन चुनौतियों को हल करने में युक्तिपूर्ण विचार की जरूरत होती है, वह क्षमता पैदा करती है। साथ ही नैतिकतापूर्ण निर्णय लेना और सबके साथ मिलकर काम करने की भावना। इस किस्म के परस्पर औपचारिक और वैचारिक आदान-प्रदान का प्रभाव केवल भय बनाकर नशे से तौबा करने वाले ढंग से कहीं असरदायक है। यह भागीदार को अनिवार्य कौशल जैसे कि लचीलापन, एकाग्रता और सहभागिता से युक्त करता है, जो साथियों के दबावों को नकारने और सकारात्मक विकल्प बनाने में अहम है।

रिवायती भाषणबाजी की तरह न होकर-जिससे कोई जुड़ाव महसूस नहीं करता- हरियाणा का 'चक्रव्यूह' नामक यह कार्यक्रम प्रेरक उपायों को यादगार एवं प्रभावशाली अनुभव बनाता है। प्रशिक्षित प्रतिभागी उस समझ एवं व्यावहारिक ज्ञान के साथ निकलते हैं, जिनका उपयोग वे अपनी रोजाना की जिंदगी में कर सकेंगे। हरियाणा ने 'चक्रव्यूह' की पहुंच व्यापक बनाने के लिए इसे डिजिटल प्रारूप में ढाला है। हैकाथॉन के माध्यम से डेवलपर्स के साथ सहयोग करते हुए, सरकार ने 'एस्केप रूम' अनुभव की तर्ज पर एक मोबाइल गेम बनाया है। खेल-खेल में दृष्टिकोण पैदा करने वाला यह तरीका युवाओं के बीच डिजिटल मंचों की लोकप्रियता को भुनाता है जिससे नशा-विरोधी अभियान आकर्षक और सुलभ बन जाता है। यह तकनीकी नूतन प्रयोग शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।समावेशिता सुनिश्चित करती है। इसके अतिरिक्त, यह निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए भी राह खोलता है, जिससे आगे नवाचार और इसके विस्तार को बढ़ावा मिलेगा। हरियाणा के यह मॉडल सांस्कृतिक-आध्यात्मिक तत्वों को शामिल करते हुए लोगों को जोड़ता है। इसके तहत बेहतरीन पहल है 'राम गुरुकुल गमन' जो कि भगवान राम के वनवास की कहानी से प्रेरित संगीत-रूपक है। इसका कथानक जीवन की कठिनाइयों पर काबू पाने में लचीलेपन और साहस का एक उदाहरण है, जो संदेश देता है ='चुनौतियां आयेंगी ही, लेकिन उनका सामना शक्ति व दृढ़ संकल्प से किया जा सकता है'।

इस नाटक को व्यापक प्रशंसा मिली है। इसे पुणे में राष्ट्रीय युवा महोत्सव जैसे प्रमुख कार्यक्रमों में प्रदर्शित किया गया। स्कूलों और कॉलेजों में ऐसे रूपकों को पेश कर, प्रशासन सुनिश्चित करना चाहता है कि नशा विरोधी संदेश प्रासंगिक और प्रभावशाली बने।हरियाणा की रणनीति का एक और कदम है, 'लोटा नमक अभियान', जो छोटा-मोटा नशा करने वालों और तस्करों के पुनर्वास पर केंद्रित जमीनी पहल है। प्रतिभागी बुजुर्गों की मौजूदगी में सबके सामने शपथ लेकर नशीली दवाओं से तौबा करने का वचन देते हैं। यह सामाजिक जवाबदेही और बदलाव के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम समाज में पुन: एकीकरण को बढ़ावा देता है और समुदाय में सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करता है। यह प्रक्रिया, जिसमें बुजुर्ग और समुदाय के प्रभावशाली सदस्य उपस्थित होते हैं, एकजुटता और बुराई छोड़ने का एक शक्तिशाली संदेश देती है। यह उदाहरण है कि स्थानीय समुदाय नशीली दवाओं के खतरे से निपटने में किस प्रकार अहम भूमिका निभा सकते हैं।हरियाणा का तरीका इस किस्म की चुनौतियों से जूझ रहे अन्य राज्यों को मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। प्रथम, सांस्कृतिक प्रासंगिकता-जाने-पहचाने सांस्कृतिक तौर-तरीकों में नशा विरोधी संदेशों को शामिल करते हुए उनके प्रसार और असर को बढ़ाना। दूसरा, इंटरेक्टिव समावेश-'चक्रव्यूह' और खेल-खेल में शिक्षा देने जैसे सहभागी तरीके पारंपरिक, भाषण-आधारित अभियानों से बेहतर प्रभावी रहते हैं।

# महिलाओं को आर्थिक सपोर्ट से उनका जीवन खुशहाल होगा

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत की बौद्धिक क्षमता कार्यकुशलता की प्रतिष्ठा को, रेवड़ी योजनाओं के प्रहार से हमला किया जा रहा है, या यूं कहें कि रेवड़ी प्रचलन बौद्धिक क्षमता को जंग लगाने का काम कर रहा हैक्योंकि स्वाभाविक है जिसको घर बैठे डीबीटी से पैसा मिल जाए 5 किलो प्रति मेंबर अनाज और परिवार को 1 किलो दाल मिल जाए तो वह अपना दिमाग क्यों खापाएगा इसका सटीक उदाहरण मैंनें प्रैक्टिकल देखा कि झाड़ के पत्तों की पत्तल बनाने वाली एक महिला कारीगर से मैंने जो पत्तल 40-50 रुपए बंडल मिलती थी, वह 150 रुपए बंडल देने की बात मैंने कही तो भी,उन्होंने बनाने से इंकार किया क्योंकि उसे लाडली बहन योजना से 1500 रूपए प्रतिमाह व राशन का अनाज मिलने की बात कही तो स्वाभाविक रूप से वह पत्तल बनाकर अपनी कौशलता में दिमाग खपाकर क्योंदिखाएंगे। यह बात करीब करीब हर क्षेत्र में महसूस किया जा रही होगी जिसका



सुद्धारित रूप अब 9 दिसंबर 2024 से शुरू हुई बीमा सखीयोजना से देखने को मिल सकता है, इस योजना को रेवड़ियों से काफी दूर रखा गया है, यांने ग्रामीण महिला मेहनत कर, घूम घूम कर, एलआईसी की बीमा पॉलिसी लेगी तो उसे उसका मेंहनताना 7 से 21हज़ार तक होगा तथाप्रोत्साहन राशि 2100 अलग मिलेगी वो भी उसे प्रक्रिया से एलआईसी बीमा एजेंट बनना होगा। हालांकि बीमा एजेंट अभी कोई भी बन सकता है, यह कोई नई बात नहीं है परंतु यह विशेष योजना केवल ग्रामीण महिलाओं के लिए है व स्वाभाविक रूप से उन्हें अपेक्षाकृत अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा, उन्हें शासकीय कर्मचारियों की बीमा पॉलिसीयां दिलाई जाएगी,जिला स्तरपर उन्हें पॉलिसी मिलने का एक अदृश्य सपोर्ट किया जाएगा जिससे एक तीर से दो निशान होंगे, एक तो ग्रामीण महिलाओं को बीमा एजेंट के तौर पर पॉलिसी मिलेगी वह अपनी आय बढ़ाएगी, दूसरी ओर सरकारी प्रतिष्ठान एलआईसी को वित्त का साधन जनरेट होगा जो नेशनल लेवल पर विनियोग कर विज़न 2047 के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यानें यह अप्रत्यक्ष रूप से विज़न 2047 में भरपूर कारगर सिद्ध होगा। चूँकि 9 दिसंबर 2024 को माननीय पीएम ने हरियाणा के पानीपत में दोपहर 2 बजे बीमा साखी योजना की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है,यह योजना एलआईसी से संचालित की गई है, तो आए हुए पैसों से लॉन्ग टर्म विनियोग बढ़ेगा भारत के विकास के नए-नए अध्यायों के दूरगामी सकारात्मक परिणाम मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,बीमा सखी योजना रेवड़ी से कोसों दूर बल्कि कौशलता के बलपर आत्मनिर्भरता की और कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम बीमा सखी योजना को जानने की करें तो, आज 9 दिसंबर को महिलाओं के लिए सरकार की ओर से एक नई योजना शुरू की गई है,इस योजना का नाम है बीमा सखी योजना,इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा एलआईसी की बीमा सखी योजना को शिक्षित महिलाओं के लिए डिजाइन की गई है, जिसका उद्देश्य उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के तहत लोगों में वित्तीय समझ विकसित करने और बीमा की अहमियतसमझाने के लिए 10 वीं महिलाओं को 3 साल तक ट्रेंड किया जाएगा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार के लिए शुरू की गई इस योजना में महिलाओं को 7,000 से 21,000 रुपये तक हर महीने दिए जाएंगे. योजना की शुरुआत में महिलाओं को हर महीने 7000 रुपये दिए जाएंगे, तो वहीं दूसरे साल में यह राशि 1000 रुपये कम करके 6000 रुपये कर दी जाएगी, तो तीसरे साल में 5000 रुपये हर महीने दिए जाएंगे। वहीं इसके अलावा महिलाओं को 2100 रुपये का अलग से योगदान दिए जाएगा तो साथ ही जो महिलाएं अपने बीमा के टारगेट पूरा करेंगी उन्हें अलग से कमीशन भी दिया जाएगा।

साथियों बात अगर हम बीमा सखी योजना को महिला सशक्तिकरण व रोजगार की ओर कदम बढ़ाने की करें तो, जैसा इस स्कीम का नाम है बीमा सखी योजना यांने इसमें महिलाओं को बीमा से जुड़े काम के लिए सक्षम बनाया जाएगा,इस योजना के जरिए महिलाओं को भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी नियुक्त किया जाएगा यांने उनको एलआईसी का एजेंट बनाया जाएगा।योजना में जुड़ने के बाद महिलाएं लोगों का बीमा कर सकेंगी। सरकार की इस स्कीम से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं को खासा लाभ होगा,ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के लिए नौकरी और रोजगार के मौके सामान्य तौर पर काफी कम होते हैं, ऐसे में सरकार की इस स्कीम से इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा।माननीय पीएम नें सोमवार 9 दिसंबर को हरियाणा के पानीपत से इस योजना का उद्धघाटन किया।भारत सरकार द्वारा देश के नागरिकों के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई जाती है, अलग-अलग तबकों से आने वाले लोगों के लिए सरकार की अलग-अलग योजनाएं होती हैं। सरकार महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास करती रहती है महिलाओं के हित के लिए भी सरकार की कई योजनाएं होती हैं। साथियों बात अगर हम बीमा सखी योजना को समझने की करें तो, केंद्र सरकार देश के नागरिकों के लिए बहुत सारी योजनाएं चला रही है,इसी कड़ी में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक नई योजना लाई है।इस योजना के जरिए सरकार की कोशिश महिलाओं के सशक्त बनाना और फाइनेंशियल इंक्लूजन को आगे बढ़ाना है पीएमओ की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि 'बीमा सखी योजना' भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की एक पहल है। बीमा सखी योजना के जरिए 10वीं पास कर चुकी 18 से 70 साल की उम्र की महिलाओं के सशक्तीकरण को बल मिलेगा। इस योजना के तहत फाइनेंशियल लिटरेसी और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को पहले 3 सालों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग और वजीफा दिया जाएगा।एलआईसी एजेंट से लेकर डेवलपमेंट ऑफिसर बनने का मौका ट्रेनिंग के बाद महिलाएं एलआईसी एजेंट के रूप में काम कर सकती हैं और ग्रेजुएट बीमा सखियों को एलआईसी में डेवलपमेंट ऑफिसर की भूमिका में काम करने का भी अवसर मिलेगा।पीएम नें भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी वितरित किया, योजना के पहले फेज में 35 हजार महिलाओं को बीमा एजेंट के तौर पर रोजगार दिया जाएगा। बाद में 50 हजार और महिलाओं को योजना में लाभ दिया जाएगा। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बीमा सखी योजना 2024 - ग्रामीण महिलाओं कोआत्मनिर्भर बनने में मील का पत्थर साबित होगी।बीमा सखी योजना से ग्रामीण महिलाओं को रोज़गार के अवसर बढ़ाकरआर्थिक सपोर्ट से उनका जीवन खुशहाल होगा।बीमा सखी योजना रेवड़ी से कोसों दूर कौशलता के बल पर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने सटीक योजना है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# जांच के दौरान मिला शिव मंदिर, पुलिस ने खुलवाया ताला

संभल में एक मंदिर दोबारा खोल दिया गया है। नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी का दावा है कि 1978 के बाद मंदिर को दोबारा खोला गया है। एडिशनल एसपी श्रीश चंद्र ने कहा कि चेकिंग के दौरान पता चला कि मंदिर पर कुछ लोगों ने मकान बनाकर कब्ज़ा कर लिया है। मंदिर की साफ-सफाई करा दी गई है और मंदिर पर कब्ज़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंदिर में भगवान शिव और भगवान हनुमान की मूर्तियाँ हैं। इस क्षेत्र में हिंदू परिवार रहते थे और कुछ कारणों से उन्होंने यह क्षेत्र छोड़ दिया। मंदिर के पास एक प्राचीन कुआं भी होने की जानकारी है।मंदिर की साफ-सफाई खुद पुलिस केअधिकारी करते दिख रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि अवैध कब्ज़ा कर मंदिर को 30 साल पहले बंद कर दिया था।

वहीं, उत्तर प्रदेश के इस जिले में शाही जामा मस्जिद के अदालत के आदेश पर किए गए सर्वेक्षण को लेकर हुई हिंसा में चार लोगों की मौत के कुछ हफ़्ते बाद, प्रशासन ने मुगलकालीन मस्जिद के आसपास के इलाकों में अतिक्रमण और बिजली चोरी से निपटने के लिए एक अभियान शुरू किया है। जिला अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि व्यापक अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को पुनर्जीवित करना और अवैध बिजली कनेक्शनों पर नकेल कसना है। जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेंसिया ने पुष्टि की कि प्रशासन ऐतिहासिक मस्जिद के आसपास अतिक्रमण को संबोधित करने के लिए कदम उठा रहा है।


## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com



## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक



## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -:

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com


# दागी जिलाध्यक्षो को नहीं मिलेगा मौका, बीजेपी संगठन में निकली भर्ती

लखनऊ। कहते है दूध का जला छाँछ भी फूँक - फूँक कर पीता है तो कुछ ऐसा ही देखने को मिलेगा इस बार भाजपा के संगठन चुनाव में, ज़ब भाजपा के चुनावी पर्यवेक्षक जिलों से जिला आलाकमान की बागडोर इस बार उन्हें देंगे जो पार्टी के प्रति ईमानदार रहें है, पर्दे के पीछे से या फ्रंट से पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर काम किए हो और जिनकी छवि जनपद के जनता में बेहद अच्छी और ईमानदार रही हो। आपको बता दें कि विगत लोकसभा चुनाव में जिलाध्यक्षो के निकृष्टता और गैर जिम्मेदाराना भूमिका के कारण बीजेपी अकेले पूर्ण बहुमत से वंचित हो गई और फ़ैजाबाद मछलीशहर, जौनपुर, चंदौली,



**पंकज सीबी मिश्रा,**
**राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार**
**जौनपुर यूपी**

गाजीपुर जैसे कई जिलों में लोकसभा चुनाव हार गई। बात जब संगठन के प्रदेश नेतृत्व तक पहुँची तो विश्लेषण हुआ और पता चला कि वर्तमान रहें सांसदों का तानाशाही रवैया और उनके साथ रहें जिलाध्यक्षो की मनमानी नें चुनाव में काफ़ी नुकसान पहुँचाया जिसके बाद अब पुन: नये सिरे से प्रदेश में बीजेपी संगठन तैयार किया जाना है। संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया से गुजर रही भारतीय जनता पार्टी इस बार पारदर्शिता प्रदर्शित करने को पूरी कवायद में जुटी है। इस बार सूत्रों की माने तो पार्टी दो बार जिला या महानगर अध्यक्ष रह चुके लोगों को तीसरा मौका देने के मूड में नहीं है। मंडल अध्यक्षों के मामले में पार्टी पहले ही यह व्यवस्था लागू कर चुकी है।अब यही प्रयोग जिलाध्यक्षों के चयन में भी प्रदेश संगठन की ओर से अपनाया जाएगा। संगठन की माने तो पार्टी ने जिलाध्यक्ष पद पर युवाओं को तरजीह देने का भी मन बनाया है जिसमें तय किया गया है कि जिलाध्यक्ष की आयु सीमा 45 से 60 वर्ष के बीच हो ताकि जिलाध्यक्ष सक्रिय रहकर लोगो के मध्य अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहें और युवाओं में पकड़ बनी रहें । अब ऐसे में तीसरी बार जिला या महानगर अध्यक्ष बनने की आस पालने वाले भाजपा नेताओं को झटका लग सकता है। पार्टी उन्हें तीसरी पारी खेलने का अवसर नहीं देगी। उनके स्थान पर नये चेहरों को अवसर दिया जाएगा। फिलहाल मंडल अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। संगठन की पिछली बैठक के अनुसार इसके लिए 15 दिसंबर तक की समय सीमा तय की गई है। पार्टी सूत्रों की माने तो 20 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का फैसला हो जाएगा । जिलाध्यक्षों की चयन प्रक्रिया भी 20 दिसंबर के बाद शुरू होगा। बूथ समिति और मंडल अध्यक्षों की तर्ज पर जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया से पहले प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें सभी दावेदारों को अपनी परफॉरमेंस देनी होगी। बूथ स्तर से लेकर जिलास्तर तक का लेखा जोखा प्रदर्शित करना होगा।

इससे पूर्व सभी जोन की बैठक संगठन चुनाव प्रभारियों नें ली और कार्यशाला आयोजन को लेकर रुपरेखा बनाया जिसमें सभी 98 संगठनात्मक जिलों के लिए अध्यक्ष पद के चुनाव की पूरी प्रक्रिया तय कर ली जाएगी। जिलों में ही नामांकन होंगे। वहां से पैनल प्रदेश को भेजे जाएंगे। जिलाध्यक्षों की घोषणा तो प्रदेश स्तर पर होगी। हालांकि सूत्रों का कहना है कि अंतिम मुहर दिल्ली से लगेगी। उधर, जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों की लखनऊ दौड़ का सिलसिला तेज हो गया है। वे प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। हालांकि उनको यही समझाया जा रहा है कि नीचे से पैनल में नाम शामिल होना चाहिए। अध्यक्ष पद के दावेदारों से ज्यादा सक्रियता उनके सरपरस्त जनप्रतिनिधियों की भी दिख रही है। दरअसल सांसद-विधायक व अन्य प्रभावशाली नेता अपने जिलों में संगठन में भी पूरा दखल चाहते हैं ?

# रथ यात्रा में गूंजे गीता के संदेश,बनाई मानव श्रंखला




बीपीएस न्यूज

कानपुर। पूरे शहर में बुधवार को गीता जंयती काफी धूमधाम के साथ मनाई गई ।जगह जगह पर आयोजित कार्यक्रमों मे गीता के उपदेशों को आत्मसात करने पर बल दिया गया ।गोबिन्द नगर में मानव श्रंखला बनाकर गीता की प्रतिया बाटी गई। श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास के बैनर तले बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे चावला मार्केट चौराहा से लेकर सी.टी.आई. चौराहे तक लगभग 1 किलोमीटर तक स्कूली छात्र छात्राओं ने हांथो मे गीता का संदेश देती तख्तियां हाथों में थामकर मानव श्रंखला बनाई ।इस अवसर पर चावला चौराहे से गीता संदेश रथ यात्रा निकाली गई ।रथ मे भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता का उपदेश देती जीवंत झाकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही ।रथ के आगे लोग श्रीकृष्ण के भजनों पर नाचते झूमते जयकारे लगाते चल रहे थे ।रथयात्रा का जगह जगह व्यापारियों व आम जनता ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत व आरती की।

रास्ते भर क्षेत्रीय दुकानदारों व राहगीरों को श्रीमद्भगवद्गीता की पुस्तक मुफ्त में दी गई ।रथ यात्रा चावला चौराहे से मुख्य बाजार होते हुए सीटीआई चौराहे पर समाप्त हुई। इस अवसर पर डा. उमेश पालीवाल ने कहा कि गीता जयंती एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो भगवद् गीता के उपदेशों को याद करने और मनाने के लिए हर साल मनाया जाता है।

इसी दिन महाभारत के युद्ध के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भगवत गीता का उपदेश दिया था। गीता में जीवन के दर्शन, कर्म योग, भक्ति योग और ज्ञान योग का विस्तृत वर्णन है। गीता जयंती का उद्देश्य गीता के ज्ञान को जन जन तक पहुचाना है। गीता में जीवन के हर पहलू पर प्रकाश डाला गया है। गीता में कर्मयोग का महत्व भी बताया गया है। इस पर्व का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह हमें जीवन की समस्याओं का समाधान बताता है और आध्यात्मिक विकास में सहायक होता है। इस मौके पर कमल त्रिवेदी,सुरेन्द्र गेरा,विजेन्द्र मक्कड,प्रकाश वीर आर्य, पार्षद नवीन पंडित, राजीव अवस्थी,अन्नू मल्होत्रा आदि रहे।

## विवि में गीता जयंती सप्ताह पर हुई मानव श्रृंखला का निर्माण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से बुधवार को श्रीमद् भगवद गीता एवं वैदिक वांगमय शोधपीठ द्वारा गीता जयंती के साप्ताहिक कार्यक्रमों के क्रम में एक मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया हजारों वर्षों से जीवन जीने की कला सिखाने वाले विश्व के प्राचीनतम अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान ग्रंथ श्रीमद् भागवत गीता के स्वाध्याय के माध्यम से चरित्रवान सदगुण संपन्न देशभक्ति से शिक्षित भारतवर्ष का सपना साकार करने के लिए इस वर्ष भी गीता जयंती सप्ताह समारोह मनाया जा रहा है। छात्र-छात्राओं ने मिलकर आधा किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई। जिसमें छात्र भगवद गीता के प्रेरणादायक वचनों का पाठ कर रहे थे। स्लोगंस भी लिए थे श्रृंखला के द्वारा भगवद गीता के महत्व को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी रजिस्ट्रार डॉ अनिल कुमार यादव फाइनेंस ऑफिसर अशोक कुमार त्रिपाठी सोशल साइंसेज के दिन प्रोफेसर संदीप सिंह स्कूल ऑफ़ आर्ट ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंसेज की डायरेक्टर डॉक्टर किरण झा शोधपीठ के समन्वयक डॉ प्रशांत डॉ एसपी वर्मा डॉ अजय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मानसिक तनाव के चलते दरोगा के बेटे ने लगाई फांसी

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक दरोगा के बेटे ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय परिवार के अन्य लोग रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। मौके पर जांच पड़ताल की है। पुलिस के मुताबिक परिवार वाले कुछ लिखित तहरीर देते हैं तो उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कल्याणपुर की पुराना शिवली रोड निवासी नंदकिशोर यादव पुलिस विभाग में दारोगा हैं। परिवार में पत्नी सुधा, दो बेट नीलू व अनुराग है। उनका तीसरा बेटा अभिषेक उर्फ शीलू (26) एक प्राइवेट बैंक में सेल्स का काम देखता था। अभिषेक की शादी छह माह पहले रसूलाबाद निवासी शिवानी से हुई थी। सोमवार को परिवार के सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए एक रिश्तेदार के घर गए थे। मंगलवार दोपहर घर लौटे परिजनों को अभिषेक का शव रस्सी के सहारे फंदे पर लटकता मिला। परिजन उसे फंदे से उतार कर हैलट ले गए, जहां डॉक्टरों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर के मुताबिक परिवार ने इस मामले में अभी कोई भी जानकारी नहीं दी है। सिर्फ इतना पता चला है कि मृतक मानसिक तनाव में था। उसे किस बात का तनाव था। क्या कोई उसे परेशान कर रहा था। ऑफिस में कोई तनाव था या घरेलू मामला था। इन सभी बिन्दुओं पर परिजनों से विस्तृत पूछताछ की जाएगी। इंस्पेक्टर ने कहा कि अगर परिवार के लोग लिखित में तहरीर देते हैं तो आगे जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बीएनएसडी शिक्षा निकेतन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन




बीपीएस न्यूज

कानपुर। माध्यमिक शिक्षा विभाग उप्र द्वारा झांसी मण्डल में आयोजित राज्य-स्तरीय महीयसी महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता में कानपुर मण्डल से प्रतिनिधित्व करते हुए बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज की छात्रा उन्नति सिंह (कक्षा-10) ने बच्चों में बढ़ती अवसादग्रस्तता और आत्महत्या की प्रवृत्ति में परिवार, विद्यालय और समाज की भूमिका विषय पर पक्ष में एवं छात्रा राशि अवस्थी (कक्षा-10) ने विपक्ष में अपनी विशिष्ट शैली में तथ्यपरक वक्तव्य रखते हुए सर्वश्रेष्ठ एकल वक्ता के रूप में प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित कर न केवल विद्यालय का अपितु कानपुर मण्डल का गौरव बढ़ाया।

# वीडीओ द्वारा अपनी जगह पत्नी से कार्य कराने पर सीडीओ ने किया सस्पेंड

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिल्हौर ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी की जगह उसकी पत्नी काम करती मिली। इसकी वजह से पंचायत में विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे। सीडीओ की समीक्षा बैठक में सचिव की लापरवाही सामने आई थी।

डीपीआरओ की रिपोर्ट के बाद डीडीओ ने सचिव को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच के कल्याणपुर बीडीओ को सौंपी गई है। सचिव प्रदीप कुमार के पास अकबरपुर संग, ददारपुर कटहा और बेदीपुर गांवों की जिम्मेदारी थी। अगस्त महीने में उन्हें कल्याणपुर से बिल्हौर ब्लॉक भेजा गया था। तैनाती के 3 माह बाद भी वह फील्ड पर नहीं गए। इस पर ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत की थी। आरोप था कि सचिव की लापरवाही की वजह से स्वच्छ भारत मिशन, गोशाला निर्माण और मानदेय भुगतान नहीं हो पा रहे हैं। आरोप यह भी लगाया था कि पंचायतों में सचिव की जगह उनकी पत्नी काम करा रही हैं। डीपीआरओ और डीडीओ को भी इस संबंध में जानकारी दी गई थी। इधर एक सप्ताह पहले सीडीओ ने विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा की तो सचिव की लापरवाही सामने आई। उन्होंने डीपीआरओ से जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। डीपीआरओ ने बीडीओ दिनेश वर्मा से जांच कराई तो पता चला कि गांवों में कराए जा रहे विकास कार्यों में सचिव रुचि नहीं ले रहे हैं।

# अम्मा जिंदाबाद, पत्रकारों को रैन बसेरों में अलॉट करेंगी कार्यालय

बीपीएस न्यूज

कानपुर। महानगर के सारे पत्रकार अब अम्मा, यानी मेयर प्रमिला पांडे जिंदाबाद के नारे लगाने वालें हैं...जान लीजिए कि शहर में सब मेयर साहिबा को यूं ही प्यार से अम्मा नहीं कहते हैं। सूत्रों के अनुसार मेयर शहर के पत्रकारों को नगर निगम के रैन बसेरों (आश्रय गृह) और अन्य बिल्डिंगों में कार्यालय अलॉट करने जा रही हैं। उन्होंने शहर के बीचोबीच, चुन्नीगंज जैसे प्रमुख इलाके के रैन बसेरे में एक मासिक पत्रिका को पूरा एक कार्यालय दे दिया है। केवल कार्यालय ही नहीं, बल्कि कथित तौर पर मेज कुर्सी और सेफ आदि फर्नीचर तक पत्रिका संचालक को साथ में दी गई है। सूत्रों के अनुसार ये सब बाकायदा लिखा पढ़ी में किया गया है। इससे भी अधिक, मेयर ने दरियादिली दिखाते हुए इसी चुन्नीगंज रैन बसेरे में एक ब्राह्मण परिवार को भी पिछले कई वर्षों से रहने की सुविधा दे रखी है, वो भी पूरी ग्रहस्ती समेत। उनको पूरा एक हॉल, कई कमरे मिले हुए हैं, जिसमें दो किचेन और दो से तीन ही बाथरूम आदि हैं। यानी एक फ्लैट से भी अधिक सुविधाएं, वो भी शहर के बीचों बीच। हालांकि कई बार प्रयास के बावजूद इस बारे में मेयर या उनके ऑफिस से आधिकारिक जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। कई रिपोर्टरों ने चुन्नीगंज रैन बसेरों में जाकर इस बात की तस्दीक की तो मासिक पत्रिका और परिवार को ऑफिस और रिहाइश दिए जाने का मामला सही निकला। कहा जा रहा है कि ऑफिस पाने के लिए मेयर कार्यालय में लेटर हेड पर लिखकर रिक्वेस्ट देनी होगी। अब कई छोटे और मझौले समाचार पत्र पत्रिकाएं मेयर को अपना संरक्षक बनाने की सोच रहे हैं। पत्रकारों को कार्यालय आदि अलॉट करने के मामले में एक विवाद हो सकता है। वो ये कि जिन संस्थाओं को रैन बसेरे अलॉट हुए हैं...उनके टेंडर में कहीं भी इसका उल्लेख नहीं की किसी अखबार मालिक या समाचार संस्थान को उनको एक ऑफिस या हॉल और साथ में सरकारी फर्नीचर देना पड़ेगा। इसपर पेंच फंस सकता है।

# ब्यूटी पार्लर संचालिका से इमरान ने गोल्डी बनकर शादी का झांसा देकर किया रेप, मुकदमा दर्ज

कानपुर। जूही स्थित परमपुरवा निवासी एक ब्यूटी पार्लर संचालिका से मुस्लिम युवक ने गोल्डी बनकर दोस्ती कर ली। उसे प्रेम के जाल में फंसा लिया। फिर शादी का प्रस्ताव रखा। शादी के झांसे में लेकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। फिर पता चला कि आरोपी का नाम गोल्डी नहीं बल्कि इमरान है। एडीशनल सीपी के आदेश पर जूही पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है ।पीड़िता के मुताबिक चार साल पहले परमपुरवा निवासी गोल्डी से उसकी मुलाकात हुई थी। ब्यूटी पार्लर के पास वो बेल्ट का काम करता था। पहले गोल्डी ने दोस्ती की। फिर उसने शादी का प्रस्ताव रख दिया। शादी का झांसा देकर वो पीड़िता को परमपुरवा धर्मकांटा के पास एक होटल में ले गया जहां पर शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसने अपने दो दोस्त को भी बुला लिया और उनके साथ भी संबंध बनाने का दबाव बनाया। जब संचालिका ने विरोध किया तो आरोपी ने बताया कि उसने पीड़िता की अश्लील फोटो और वीडियो बना ली। बात न मानने पर वायरल कर देगा। फोटो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी उसे अलग-अलग होटलों में ले गया और जबरन संबंध बनाए। इसके बाद से वह लापता हो गया। जूही इंस्पेक्टर के मुताबिक एडिशनल सीपी के आदेश पर पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उसकी तलाश की जा रही है।

## हार्ट अटैक से हेड कांस्टेबल की मौत

कानपुर, 11 दिसम्बर (निस)। घाटमपुर के साढ़ थाने में तैनात हेड कांस्टेबल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। साथी पुलिस कर्मियों ने आनन फानन में हेड कांस्टेबल को भीतरगांव सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने हेड कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया। साथी पुलिस कर्मियों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। पुलिस ने हेड कांस्टेबल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

इटावा जिले के सैफई निवासी अम्बरीष कुमार घाटमपुर के साढ़ थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल को 27 नवंबर को हार्ट अटैक पड़ा था। जिसके बाद कार्डियोलॉजी में दिल काऑपरेशन हुआ था। जिसमें हेड कांस्टेबल के एक स्टंट पड़ा था। यहां से डिस्चार्ज होने के बाद वह घर चले गए थे। बीती दस दिसंबर को उन्होंने साढ़ थाने पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन की थी। देर रात वह कमरे पर सोने चले गए थे। सुबह जब दरवाजा नहीं खोला तो साथी पुलिस कर्मियों ने दरवाजा खोलकर देखा तो हेड कांस्टेबल मृत अवस्था में पड़े हुए थे। पुलिसकर्मी आनन-फानन में हेड कांस्टेबल को भीतरगांव सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने हेड कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया।

# कृषि अभियंत्रण महा विद्यालय में एक दिवसीय किसान कार्यशाला




बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित परियोजना 'सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन फार्म मशीनरी' के अंतर्गत छोटी जोतों हेतु महिला हितैषी कृषि उपकरणों के विकास से संबंधित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं उपकरणों की प्रदर्शनी का कार्यक्रम डॉक्टर एन के शर्मा अधिष्ठाता की अध्यक्षता में डॉक्टर जेपी यादव मुख्य अन्वेषक द्वारा महाविद्यालय के वर्कशॉप में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर संजय सिंह, महानिदेशक, उपकार, लखनऊ ने प्रतिभाग किया। उन्होंने आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन फीता काटकर किया ।तत्पश्चात देश में कृषि इंजीनियरिंग के प्रणेता प्रोफेसर मेशन वाग के चित्र पर माल्यार्पण कर किया । उनके द्वारा इस प्रोजेक्ट में किसानों के हित के लिए बनाई गई मशीनें जिसमें हस्तचालित लहसुन प्लांटर, धान गहाई एवं ओसाई यंत्र मार्क 1मार्क2, संशोधित मूंगफली छिलका यन्त्र मार्क वन मार्क 2, शक्तिचालित मक्का छिलक यंत्र को क्रियान्वित करवा कर अवलोकित किया और किसानों को इससे होने वाले लाभ के बारे में मुख्य अन्वेषक डॉक्टर जे पी यादव द्वारा मशीनों को संचालित कर बताया गया ।तत्पश्चात गोष्ठी को प्रारंभ किया गया। जिसमें अधिष्ठाता ने महानिदेशक डॉ संजय सिंह को शाल ओढ़ाकर स्वागत किया एवं मंचासीन डॉक्टर एम के सिंह, प्रभारी, के वी के, डॉक्टर वी वी जायसवाल, वैज्ञानिक के वी के, अमर सिंह, पूर्व बोर्ड सदस्य, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर का स्वागत शाल और बुके देकर किया गया।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आज जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अन्तर्गत जनपद कानपुर नगर में 806 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजना निर्माण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ द्वारा कुल 02 फर्म अनुबन्धित की गयी। फर्म मै0 वी0एस0ए0 एस0एम0सी0 आई0पी0पी0एल0, हैदराबाद को 200 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है जिसमें कुल 116 नग योजनाओं का निर्माण कार्य प्रस्तावित है एवं मै0 वी0टी0एल0, नोएडा को 606 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है जिसमें कुल 309 नग योजनाओं का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। दोनों फर्मों द्वारा कुल 241832 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष लगभग 219496 नग गृह जल संयोजन (स्न्र।।ञ्ञ्ष्ट) आम जनमानस को उपलब्ध कराये जा चुके हैं। साथ ही वर्तमान में दोनों ही फर्मों द्वारा ञ्जह्डुद्ब्य ऋह्ढ्ठ के अनुसार लगभग 160 नग योजनाओं (यथा मगरासा पेयजल योजना, अखरी पेयजल योजना, पतेहुरी पेयजल योजना, बिधनू शिवरामपुर पेयजल योजना, ओरिया पेयजल योजना, प्रधानपुर पेयजल योजना, घीमऊ पेयजल योजना आदि) में आशिक/पूर्णरूप से जलापूर्ति (ट्यूबवेल/ओ0एच0टी0) से प्रारम्भ करा दी गयी है तथा लगभग 280 नग राजस्व ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य सामान्यत: पूर्ण करा दिया गया है। शेष राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। समीक्षा के दौरान खण्ड विकास अधिकारी, सरसौल द्वारा अनुपस्थित होने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निम्न निर्देश उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए 1-समीक्षा के दौरान खण्ड विकास अधिकारी, सरसौल द्वारा अनुपस्थित होने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए 2- दोनों कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कौन-कौन सी परियाजनाओं में क्या-क्या समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिसकी विस्तृत सूचना मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए ।3- मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों कंपनियों द्वारा कराए जाने वाले सभी कार्यो की समीक्षा उनके द्वारा पृथक से की जाए तथा जिन तहसीलों में जो भी समस्याएं आ रही हैं उसके निस्तारण हेतु पृथक से दोनों कम्पनियो द्वारा संबंधित उप जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए ।

4-मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त ब्लॉकवार रोड रिस्टोरेशन के कार्यो का सत्यापन समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाए। सत्यापन का वीडियो फोटो भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ।5 मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जितनी भी परियोजनाए पूर्ण हो चुकी है उन परियोजनाओं का जिला स्तरीय अधिकारियो से सत्यापन कराया जाए साथ ही सत्यापन के दौरान यह भी देखा जाए कि आंगनवाड़ी केन्द्र,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, समुदायिक शौचालय,प्राथमिक विद्यालय तथा ग्राम के अंतिम घर तक जलापूर्ति हो रही है अथवा नहीं ।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, जिला पंचायत राज अधिकारी समेत समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# केडीए में नामान्तरण प्रक्रिया को नई गति

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण श्री मर्दन सिंह गर्ब्याल एवं सचिव, श्री अभय कुमार पाण्डेय के मार्ग निर्देशन में आज दिनांक 11.12.2024 को डा0 रवि प्रताप सिंह, विषेष कार्याधिकारी/उप जिलाधिकारी विक्रय (जोन-2) के नेत्त्व में सहायक जोनल प्रभारी श्री राजेश कुमार एवं पटल सहायक श्री मनीष कनौजिया द्वारा श्रीमती मीना मिश्रा का ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से नामान्तरण स्वीकृत किया गया, जिसमें प्रथम स्तर पर पटल सहायक श्री मनीष कनौजिया व द्वितीय स्तर पर सहायक जोनल प्रभारी श्री राजेश कुमार तथा तृतीय स्तर पर सक्षम प्राधिकारी/ओ0एस0डी0 द्वारा डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से नामान्तरण अनुमोदित किया गया ।उक्त नामान्तरण अनुमोदन के उपरान्त पक्ष को डिमाण्ड पत्र भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली के अन्तर्गत डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से निर्गत किया गया ।डा0 रवि प्रताप सिंह, विशेष कार्याधिकारी/उप जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया कि विक्रय जोन के अन्तर्गत नामान्तरण/रजिस्ट्री आदि से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण के सम्बन्ध में अधीनस्थ स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक आख्या का संचालन पटल सहायक द्वारा ई-ऑफिस सिस्टम के माध्यम से लेखाकार/सहायक जोनल प्रभारी को तथा लेखाकार/सहायक जोनल प्रभारी द्वारा परीक्षणोपरान्त आख्या अधोहस्ताक्षरी को ई-ऑफिस के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करेगें ।डा0 रवि प्रताप सिंह, विशेष कार्याधिकारी/उप जिलाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि विक्रय के अतिरिक्त प्रवर्तन/भूमि बैंक (जोन-2)/मलिन बस्ती के समस्त अधीनस्थ स्टाफ को भी समस्त पत्रावलियों का संचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किये जाने हेतु को निर्देशित किया गया है ।ई-ऑफिस प्रणाली- शासकीय कार्य को सरलीकृत, उत्तरदायीं, प्रभावी, जवाबदेही और पारदर्शी कामकाज करने का माध्यम है।

## चलती ट्रेन से उतरने वक्त मां की गोद से बच्चा फिसला, मौत, महिला एडमिट

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पिता की मौत के मायके जा रही महिला चलती ट्रेन से उतरने की होड़ में अपने चार साल के बच्चे की जान गवां बैठी। गोविंदपुरी स्टेशन में चलती ट्रेन से उतरने के दौरान महिला गिर भी बुरी तरह घायल हो गई। जीआरपी ने शव को पोस्टमॉर्टम भिजवाया।

बहनोई रवि ने बताया कि उनकी साली शशिप्रभा की शादी मध्य प्रदेश दतिया के बुधौदा गांव निवासी लोडर चालक कमलेश तिवारी के साथ हुई थी। उनके दो बच्चे भविष्य (10) व हर्ष (4) थे। बीते कुछ समय पूर्व शशि प्रभा के पिता की मौत हो गई थी।

# दूध सप्लायर के अभिलेखों का फर्जी इस्तेमाल कर लिया करोड़ों का लोन, धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

## शहर की नामी दूध कम्पनी और बैंक की मिलीभगत से करोड़ों के वारे-न्यारे, लोन अदा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। फजलगंज थाने में एक मिल्क सप्लायर ने नमस्ते इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक लखनऊ के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आरोप है कि कम्पनी ने मिल्क सप्लायर की आईडी का प्रयोग कर बैंक से 7 करोड़ रुपए का लोन करा लिया था। घटना सन 2021 की है। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी। कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित ने सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी के यहां एफआईआर दर्ज कराने के लिए शिकायती पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। जिसके बाद फजलगंज थाने में कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी और जालसाजी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मूल रूप से ग्राम तेन्दुली तहसील बिन्दकी फतेहपुर निवासी विनय कुमार मिश्रा (40) वर्तमान में दामोदर नगर बर्रा में रह रहे हैं।

विनय कुमार के मुताबिक, वह किसानी और दूध का कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं।

विनय के मुताबिक, सन 2014 में नमस्ते इण्डिया फूड प्राइवेट लिमिटेड जिसका कार्यालय 119-121 ब्लाक पी एण्ड टी फजलगंज कालपी रोड पर है। यहां के मिल्क सेन्टर पर विनय अपने ग्राम तेन्दुली एवं आस-पास के क्षेत्र से दूध का कलेक्शन करके सप्लाई का कार्य शुरू कर दिया था।काम के दौरान उक्त कंम्पनी ने विनय के सारे अभिलेख जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड फोटो आदि अपने पास संरक्षित कर लिये थे।

विनय के मुताबिक उसकी आईडी का दुरुपयोग करके कम्पनी ने 14 जनवरी 2021 को 10617177 रुपए, 29 अप्रैल 2021 को 9819723 रुपए, 28 सितम्बर 2021 को 9998409 रुपए, 4 अक्टूबर 2021 को 1671096 रुपए, 11 जनवरी 2022 को 19972851 रुपए, 28 अप्रैल 2022 को 17969200 रुपए यानी कुल 7,00,48,456 रुपए विनय को बिना बताये और बिना उसकी अनुमति और हस्ताक्षर के कम्पनी के मोबाइल नंबर का प्रयोग करते हुए एचडीएफसी बैंक की शाखा प्रणय टावर्स 38, दरबारी लाल शर्मा मार्ग लखनऊ के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके साजिश के तहत फार्मर फाइनेंसिंग फेसिलिटी के नाम पर गुपचुप तरीके से लोन स्वीकृत करा लिया। धनराशि का प्रयोग कम्पनी द्वारा निजी हित में किया गया। विनय के मुताबिक, 18 नवम्बर 2022 को एचडीएफसी बैंक ने एक पत्र भेजा तब उसे पता चला कि घटना हुई है। विनय के मुताबिक बैंक का एक और पत्र मिला जिसमें जानकारी मिली कि लोन एमाउंट का रीपेमेंट भी कम्पनी द्वारा आनन फानन में कर दिया गया है। घटना को लेकर विनय कम्पनी के कर्मचारियों से लेकर पदाधिकारियों तक से मिलकर कारण जानने का प्रयास किया गया, किसी की तरफ से जानकारी नहीं दी गई। विनय के मुताबिक, इस घटना के बाद से वो डिप्रेशन में चला गया और मानसिक शारीरिक तौर पर अस्वस्थ्य हो गया।इंस्पेक्टर फजलगंज सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नमस्ते इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड और एचडीएफसी के पदाधिकारी व कर्मचारीगणों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज बनना और उनका प्रयोग करने की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। मामले में पीड़ित से सारे दस्तावेज मांगे गए हैं। जांच करने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गंदगी और बढ़े हाउस टैक्स पर कांग्रेस का नगर निगम में हल्ला बोल

## अपर नगर आयुक्त को पाँच सूत्रीय मांगों का सौपा ज्ञापन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। दक्षिण क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी के अंबार, जर्जर सड़कों व ध्वस्त पड़ी मार्ग प्रकाश व्यवस्था के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम में हल्ला बोला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम प्रशासन मुर्दाबाद.. के नारे लगाते हुए 5 बिंदुओं पर संबोधित ज्ञापन अपर नगर आयुक्त को सौंपा।कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने नगर निगम में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आलोक मिश्रा ने कहा कि शहर में गंदगी व्याप्त है, मार्ग प्रकाश की कोई व्यवस्था नही है। हाउस टैक्स बढ़ाया जा रहा है, जिसकी वसूली 3 साल पहले से की जा रही है। नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कोई सुविधाएं लोगों को नहीं मिल रही है। गंदगी के कारण दक्षिण क्षेत्र में मच्छरों का आतंक है। परमपुरवा, बारादेवी, बर्रा, निराला नगर, नौबस्ता, रतनलाल नगर समेत अन्य इलाकों की सड़के जर्जर पड़ी हुई है। गड्डों की चपेट में आकर कई बार लोगों की जान तक जा चुकी है। पूर्व पार्षद संजीव मिश्रा ने कहा कि सर्दी के मौसम में शहर के सभी रैन बसेरों की व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाए, जिससे सर्दी में लोगों को ठिठुरना न पड़े। साथ ही चौराहों पर अलाव की भी व्यवस्था की जाए। कहा कि खराब स्ट्रीट लाइटों के कारण सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है।

फुटपाथों व चौराहों पर अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने अपर नगर आयुक्त अमित कुमार भारती को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर दीपक त्रिवेदी, इस्लाम अंसारी, अवनीश सलूजा, डॉ प्रभात मिश्र, ललित मोहन श्रीवास्तव, अनुज कुशवाहा, सुरेंद्र जायसवाल, राजेश सिंह पप्पी, शिवबालक, सीता, राजीव पांडे, अभिनय मौजूद रहे।

# सर्दी में टीबी मरीजों की संख्या में हुआ इजाफा, बचाव ही उपाय

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सर्दी की शुरूआत होते ही मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल में मरीजो की संख्या में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। जहा गर्मियों में ओपीडी की संख्या ज्यादा होती है तो वही सर्दी में इस समय ओपीडी कम है,लेकिन मरीजो के भर्ती होने की संख्या में 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी जरूर हुई है।

मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल के विभागध्यक्ष डॉ संजय वर्मा ने बताया कि सर्दी की शुरूआरत होते ही फेफडो का संक्रामण तेजी से बढ़ने लगता हे जिसका प्रमुख कारण हवा में ज्यादा प्रदूषण का होना साथ ही अधिकांश मरीजो को अस्थमा, निमोनिया और सीओपीडी भी एक प्रमुख कारण है।

उन्होंने बताया कि 60 प्रतिशत पुरूष तो वही 40 प्रतिशत महिलाएं और बच्चो में संक्रामण पाया जा रहा है जिन्हें दवा से ठीक किया जा रहा है ,लेकिन जिन मरीजो की स्थिति ज्यादा गंभीर है उन्हें भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। इससे बचाव के लिए उन्होंने बताया कि ठंड में बुर्जुग और बच्चे बाहर कम निकले, मास्क लगा कर चले, अस्थमा के पेशेंट अपना इन्हेलर साथ लेकर चले , डॉक्टरो द्वारा बतायी गई दवा को सही समय पर ले और उसमें कोई कोताही न बरते। पानी ज्यादा पीये ताकि डिहाईड्रेशन होने पाए व मौसमी फलो तथा हरी सब्जी का सेवन करे ताकि एण्टीआक्सीडेंट की कमी को पूरा किया जा सके।

# गोष्ठी के जरिए संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई श्याम लाल गुप्ता की जयंती



बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक नगर अध्यक्ष स्वर्गीय श्याम लाल गुप्ता की अठतरवी जयंती कानपुर ग्रमीण कार्यालय मे मनाई गई कानपुर नगर समाजवादी पार्टी के संस्थापक अध्यक्छ स्वर्गीय श्याम लाल गुप्ता की 78 वां जन्म दिन समाजवादी कानपुर नगर ग्रामीण कार्यालय मे गोष्ठी कर संकल्प दिवस के रूप मे मनाया गया गोष्ठी की अध्यक्छता समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने किया गोष्ठी को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सोमेंद्र शर्मा अधिवक्ता ने कहा की स्वर्गीय श्याम लाल गुप्ता का जीवन पर्यंत् सच्चे समाजवादी नेता थे जिन्होंने सभी समाजवादी साथियों को एक जुट कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकर्ताओ के सुख दुख मे शामिल हो कर उनका उत्साह वर्धन करते थे परंतु आज के नेता सम्पन्न वा असमाजिक कार्यकर्ताओ को महिमा मंडित करने का कार्य कर रहे हैं जिससे आज जमीनी कार्यकर्ता पार्टी से दूर हो रहे है आज पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वर्गीय श्याम लाल के विचारों पर चलना होगा गोष्ठी मे अन्य वक्तों ने भी स्वर्गीय श्याम लाल गुप्ता के क्रतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला अंत मे गोष्ठि मे आये हुए सभी लोगों का उनके पुत्र नितिन गुप्ता ने आभार व्यक्त किया कार्य क्रम मे मुख्य रूप से एडवोकेट सोमेंद्र शर्मा, सुरेश गुप्ता, हरि कुशवाहा, नसीम रज़ा, अनिल सोन कर, नितिन गुप्ता, सुजीत सिंह, इंतियाज़ मदनी, इंतियाज़ कुरेशी, नवीन दिक्षित, वीर पाल सिंह यादव, राजू अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहें ।

# पालिका स्टेडियम में हुआ खिलाडियों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सेंट्रल सिविल सर्विसेज रीजनल स्पोर्ट्स बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कृष्ण मुरारी के द्वारा पालिका स्टेडियम में खेल प्रशिक्षक एवं खिलाडी देवेंद्र त्रिपाठी, विनय अवस्थी, पंचरतन सिंह, राजेश सिंह, मुकेश साहू, अजय सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तदोपरांत कानपुर कबड्डी एसोसियेशन तथा कानपुर मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा केंद्रिया सिविल सेवा रीजनल स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव एवं आयकर अधिकारी सुरेश कुमार वर्मा, क्रीडा अधिकारी नवनीत शुक्ला तथा पूर्व कीड़ा अधिकारी अनुराग बाजपेई को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान शिव दान सिंह भदोरिया (आयकर आयुक्त), विजयानंद भारतीय, अतुल कुमार, विजय सिंह (सभी अपर आयुक्त) विजय शंकर सिंह, रामनरेश, आदि के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# किशोर-किशोरियों को दिया सेहत का मंत्र



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कोई शारीरिक समस्या हो या फिर मानसिक समस्या। नशे की लत हो या फिर कोई गोपनीय परेशानी। किशोर-किशोरियों की हर जिज्ञासा का समाधान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य मंच लगा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक बिधनू के सेन पश्चिम पारा क्षेत्र स्थित श्री हरिगोपाल इंटर कॉलेज में बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी के दिशा निर्देशन में इस मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीएचसी बिधनू के चिकित्साधीक्षक डॉ नीरज सचान ने मंच का उद्घाटन किया। उन्होंने किशोर-किशोरियों से संवाद भी किया। चिकित्साधीक्षक ने इस मंच के जरिये किशोर-किशोरियों को गुड टच-बेड टच, सेफ सर्किल, माहवारी के दौरान साफ-सफाई, माडर्न कंट्रासेप्टिव, नशावृत्ति की रोकथाम, पोषक तत्वों से युक्त खानपान के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने किशोर-किशोरियों की समस्या को प्राइवेसी देते हुए ध्यान से सुना और उनकी समस्याओं का समाधान भी बताया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शिशु मृत्यु दर एवं कुल प्रजनन दर को कम करने के लिए किशोर प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य को एक मुख्य घटक माना गया है। जिससे इसको मुख्यधारा में जोड़ा जा सके। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य उन्नयन, किशोरों में पोषण, आकस्मिक चोट, हिंसा (लिंग आधारित), असंक्रमणकारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य आदि की जानकारी तथा सलाह देना है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सक डॉ राघवेंद्र सिंह ने छात्राओं को शारीरिक व मानसिक समस्याओं को लेकर अपनी झिझक को तोड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें शरीरिक बदलावों से परिचित कराते हुए किशोरावस्था में होने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही निराकरण की भी जानकारी दी गयी। प्रधानाचार्य राजमोहन श्रीवास्तव ने किशोरावस्था के दौरान किशोर-किशोरियों की मानसिक स्थिति पर चर्चा करते हुए पढ़ाई के दौरान होने वाले चिड़चिड़ापन, समस्याओं से परिजनों, गुरुजनों को अवगत कराने के बारे में बताया। इसके साथ डॉक्टर-विशेषज्ञ से संपर्क करने की भी सलाह दी गयी। किशोरियों को शारीरिक व व्यवहारिक परिवर्तन के दौरान सजग होकर रहने की सलाह दी गयी। कार्यकम में वाद-विवाद, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आदि का आयोजन हुआ जिसमें विजेता किशोर-किशोरियों को पुरस्कार वितरण कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस दौरान डॉ अमित, स्टाफ नर्स सरोजिनी, शिक्षिका प्रतिमा मिश्रा, नीलम निगम, सक्षम द्विवेदी सहित अन्यलोग उपस्थित रहे।

# पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने सीएम डैशबोर्ड के विषय में बैठक कर दिए निर्देश



कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा पुलिस उपायुक्त पूर्वी कार्यालय पर नाकाबंदी, दंगा नियंत्रण और सीएम डैशबोर्ड के सम्बन्ध में आवश्यक मीटिंग की व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

संवेदनशील और तनावपूर्ण इलाकों की सूची तैयार कर उनकी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए । दंगा नियंत्रण के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल की तैनाती। सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों पर अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए आईटी सेल को सतर्क रहने का निर्देश। बॉर्डर चैक पोस्ट की स्थापना - ज़िले की सीमाओं पर विशेष नाकाबंदी व वाहनों और व्यक्तियों की सघन जाँच के निर्देश दिए अपराधियों, अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सतर्कता।नाकाबंदी के दौरान किसी भी भागने के प्रयास को रोकने के लिए स्टॉपर्स की तैनाती। डैशबोर्ड पर दर्ज सभी लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा और उनके शीघ्र समाधान के निर्देश।सभी थानों को सीएम डैशबोर्ड का सक्रिय उपयोग करने और पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश। मीटिंग में अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी राजेश कुमार श्रीवास्तव व सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी व सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# बेकनगंज में दस एफआईआर के बावजूद बिजली चोरी जारी

## ◆ साइकिल मार्केट सबस्टेशन के कई कर्मी सवालों के घेरे में

बीपीएस न्यूज

कानपुर। ठीक एक माह पूर्व, 13 नवंबर को बेकनगंज थानाक्षेत्र के तिरपाल वाला मैदान और यहीं के जुगियाना मुहल्ले में बीएसएफ व भारी पुलिस फोर्स के साथ केस्को टीम ने छापा मारकर बड़ी बिजली चोरी पकड़ी थी। अकेले तिरपाल वाला मैदान में ही दर्जनों लोगों को कटिया डालकर बिजली चोरी करते पकड़ा गया था। ये बिजली चोर ना केवल खुद बिजली चोरी कर रहे थे, बल्कि दर्जनों दूसरे घरों और कारखानों में भी मोटी रकम लेकर चोरी की बिजली सप्लाई कर रहे थे। यानी की पैरेलल केस्को चला रहे थे। यहां 10 बड़े बिजली चोरों के खिलाफ केस्को विजलेंस और अधिकारियों ने पीसी एक्ट सेक्शन 135 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की थीं। लेकिन कई दशक में पहली बार इस किले नुमा इलाके में पड़े छापे और एफआईआरों के बावजूद, कुछ ही दिनों में दोबारा धड़ल्ले से बिजली चोरी शुरू हो जाने की सूचनाएं आ रही हैं। आरोप है के इसमें साइकिल मार्केट सबस्टेशन के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के आरोप हैं। आरोप ये भी है कि पूर्व अधिशासी अभियंता अरुण कुमार नैनकई बार शिकायतों के बावजूद एक्शन नहीं लिया था।

केस्को विजलेंस के क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार ने बताया कि इन बिजली चोरों में से केके उर्फ कलीम खान, पुत्र अब्दुल कलीम के यहां 3 किलोवॉट से अधिक की चोरी पकड़ी गई। वहीं पास के दूसरे घर में एजाज फातिमा, पत्नी अलीम हुसैन के यहां तो लगभग 9 किलोवॉट की बिजली चोरी होते मिली। केस्को अधिकारियों के अनुसार इन घरों से कई अवैध फैक्ट्रियों को बिजली सप्लाई देकर, सालों से केस्को को लाखों की चपत लगाई जा रही थी। रोशन जहां पत्नी रिजवान, शाहनवाज पुत्र रईस अहमद, रेहाना वाइफ ऑफ मोहम्मद बख्श, शमशाद सन ऑफ मुहर्रम, आसमा बेगम वाइफ ऑफ रियाज अहमद, किश्वरजहां वाइफ ऑफ मो. नकवी, घुरू सन ऑफ मांगे आड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

# चरस का भी गढ़ बन चुका तिरपाल वाला मैदान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। स्थानीय अधिकारियों, निवासियों और खुफिया के सूत्रों के अनुसार तिरपाल वाले मैदान में बड़ी बिजली चोरी में पकड़े गए आरोपियों में से कुछ का पहले का पुलिस रिकॉर्ड भी रहा है। इनमें से कुछ शातिरों ने तिरपाल वाले मैदान और जुगियाना को चरस सप्लाई का भी गढ़ बना डाला है। कई परिवार यहां पर बाराबंकी और पूर्वांचल आदि से कथित तौर पर क्रॉकरी के बीच चरस स्मगल करते हैं। मेला में लगाने के बहाने ये शातिर वहां से बचे क्रॉकरी व ट्रकों में चरस के पैकेट भर कर शहर लाते हैं। शहर के अलावा गाजियाबाद तक सप्लाई करने की अफवाहें हैं। महज कुछ हफ्ते पहले ही बहराइच में इनका ट्रक और बड़ी मात्रा में चरस पकड़ी गई थी। लेकिन पता नहीं किन कारणों से छोड़ दिया गया।

# बिहार से बंगाल तक ट्रेनों में यात्री बनकर लूटपाट में गैंगस्टर अरेस्ट



कानपुर। जीआरपी कानपुर सेंट्रल स्टेशन पुलिस ने बिहार से बंगाल तक ट्रेनों में लूटपाट करने वाले गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित मामा उर्फ अली अकबर कलक्टरगंज के सीपीसी माल गोदाम कच्ची बस्ती का रहने वाला है। उसके विरुद्ध 30 मुकदमे दर्ज हैं। वो 24 साल की उम्र से ही वह अपराध करने लगा था। शातिर करीब 15 साल से सेंट्रल स्टेशन समेत दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग, बुंदेलखंड, लखनऊ-मुंबई रूट की ट्रेनों में लूटपाट कर रहा है। जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायन सिंह ने बताया कि आरोपी रेलवे ट्रैक किनारे पानी टंकी के पास से दबोचा गया था। आरोपी का आपराधिक इतिहास पता करने पर जानकारी मिली कि उसका बिहार, बंगाल, पूर्वोत्तर के राज्यों, दिल्ली, में भी मामले दर्ज हैं। आरोपी सेंट्रल स्टेशन पर दर्ज पांच मामलों में फरार चल रहा था। उसके पास तीन लाख रुपये कीमत के छह मोबाइल फोन व 2250 रुपये नकदी बरामद हुई। थाने में 2009 में उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। शातिर पकड़ा जाता और जमानत पर छूटने के बाद फिर से अपराध शुरू कर देता था। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के गिरोह के सदस्य ट्रेनों में यात्री बनकर बैठते थे। सामान लूटने के बाद चलती ट्रेन से उतर जाते थे ।

### महाकुम्भ-2025 पर गंगा में गिरते नाले पर महापौर ने मेट्रो सहित अन्य विभागों की बैठक

# महाकुम्भ-2025 में सबसे ज्यादा बेइज्जती कानपुर की ही होगी : प्रमिला पाण्डेय



बीपीएस न्यूज

कानपुर। महापौर एवं नगर आयुक्त की अध्यक्षता में सीसामऊ सहित अन्य नाले का पानी सीधे गंगा में गिरने को लेकर नगर निगम, जल निगम, जल संस्थान, मेट्रो एवं केस्को के साथ बैठक आहूत की गयी।

बैठक में महापौर ने कहा कि सीसामऊ नाले के अतिरिक्त परमट, भगवत दास घाट, गुड़िया घाट, परमिया नाला, रानी घाट, गोला घाट, मैगजीन घाट से सीवर का पानी सीधे गंगा में जा रहा है। भगवतदास घाट पर सबसे ज्यादा पानी जा रहा है। 09 दिसम्बर को बैठक में दो दिन में सीसामऊ नाला बन्द करने हेतु आश्वासन दिया गया था किन्तु अभी तक नाला बन्द नहीं हुआ है।एमके सिंह, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम ने अवगत कराया कि परमट पर दिन-रात कार्य हो रहा है, बॉटम पर लाईन लीकेज है। नगर आयुक्त सुधीर कुमार कहा कि महाकुम्भ-2025 को देखते हुए इसे पूर्व से देखा जाना चाहिए था, इस पर शासन द्वारा कार्यवाही भी की जा सकती है। मोहित चक, प्रोजेक्ट मैनेजर जल निगम ने बताया कि परमट के लीकेज से सम्प में पानी जा रहा है। महापौर ने कहा कि महाकुम्भ-2025 में सबसे ज्यादा बेइज्जती कानपुर की ही होगी। बैठक में दूरभाष पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक सुशील कुमार से वार्ता की सुशील कुमार ने अवगत कराया कि मण्डलायुक्त के साथ सीसामऊ नाले के प्रकरण पर बैठक हुई है। साइट की फोटो भी देखी है, मेट्रो अधिकारियों को जैसा बताया गया, उसी के अनुसार कार्य किया गया है, इसमें केवल मेट्रो को दोष देना गलत है। महाप्रबन्धक जलकर आनन्द कुमार त्रिपाठी ने कहा कि मेट्रो द्वारा कुछ सफाई करायी गयी है, आगे जो भी कार्य हो उसे सीसीटीवी लगाकर वीडियोग्राफी करायी जाये, ताकि क्या कार्य किया गया है, उसे देखा जा सके। महापौर ने कहा कि मेट्रो कार्यो में हमेशा सहयोग किया है मोतीझील मेट्रो स्टेशन के बगल में जल संस्थान की कॉलोनी वालो द्वारा सड़क तक अवैध रूप से मकान बना लिया गया था, मेट्रो द्वारा मकान तोड़ने पर दोबारा बनाया जा रहा था, जिसे रूकवा दिया गया।

महापौर ने कहा कि मर्चेन्ट चेम्बर के बगल में गड्ढे मे मलबा भर दिया गया, वहॉ पर नाला है, भविष्य मे बहुत बड़ी समस्या बन सकती है, उसे दिखवा कर ठीक कराया जाये। महापौर को नगर आयुक्त नें अवगत कराया कि केस्को के साथ सर्वे कार्य हो गया है, अंडरग्राउन्ड केबिल के पिट वाला कार्य हो गया है। मुख्य अभियन्ता सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने कहा कि लक्ष्मीपुरवा में केबिल के कारण नाला धंस गया, केस्को द्वारा जितनी अनुमति ली गयी थी, वह कार्य हो गया है। बैठक में नानक चन्द्र, अधिशाषी अभियन्ता, जोन-1, दिवाकर भास्कर, अधिशाषी अभियन्ता, जोन-2, राजेश कुमार, अधिशाषी अभिन्ता, जोन-3 आर के तिवारी, अधिशाषी अभियन्ता, जोन-4, अतुल पाण्डेय, अधिशाषी अभियन्ता, जोन-5, आर0 के0 सिंह, अधिशाषी अभियन्ता, जोन-6, अर्जुन श्रीवास्तव, उप मुख्य अभियन्ता, यूपीमेट्रो, अजहर सरताज, सीपीएम-3 यूपीमेट्रो, संजीव कुमार, मैनेजर, यूपीमेट्रो, पीके सिंह, सचिव जलकल, विशाल सिंह, सीडी-1 जल निगम आर सी श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता, केस्को, सुमन्त कुमार, अधिशाषी अभियन्ता, केस्को इत्यादि उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने जलाया बांग्लादेश सरकार का पुतला, केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग

बीपीएस न्यूज



कानपुर।अधिवक्ताओं ने आज बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका। बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में अधिवक्ताओं ने बांग्लादेश सरकार और मोहम्मद यूनुस के खिलाफ पहले जमकर नारेबाजी की। उसके बाद कचहरी के बाहर पुतला दहन किया। उनका कहना है कि देश के लोगों में गुस्सा है। जिस तरह की खबरें बांग्लादेश से मीडिया के माध्यम से सामने आ रहीं हैं। कचहरी के सैकड़ों अधिवक्ता शुक्रवार को कचहरी परिसर से विरोध करते हुए कचहरी गेट पर पहुंचे। दरअसल बांग्लादेश से लगातार मीडिया के माध्यम से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की खबरें सामने आ रही हैं। वहां हो रही घटनाओं का विरोध करने के लिए अधिवक्ताओं ने बांग्लादेश की सरकार और मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका। अधिवक्ता ने कहा एक समय बांग्लादेश की मदद भारत ने ही की थी। फिर इसके बाद वहां की राष्ट्रपति शेख हसीना बांग्लादेश में अपने को असुरक्षित महसूस किया तो वो भारत आ गई। उन्हें भी यहां शरण दी गई। इसके बावजूद बांग्लादेश में जिस तरह से वहां के अल्पसंख्यकों (हिन्दुओं) पर अत्याचार हो रहा है वह निंदनीय है। वहां हो रही घटनाओं को जानकर देश के लोगों में गुस्सा है। साथ ही अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि विपक्ष की कुछ ऐसे नेता हैं, जो बंगाल देश में हो रहे अत्याचार पर एक शब्द भी नहीं बोलते हैं। अधिवक्ता समाज बांग्लादेश में हो रही ऐसी घटनाओं का विरोध करता है। इसके साथ ही बांग्लादेश के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग भी करता है।

## 660 मेगावाट उत्पादन शुरू, ग्रिड तक पहुंची सप्लाई

### • अधिकारियों ने केक काटकर जताई खुशी



बीपीएस न्यूज

कानपुर। नेवेली पावर प्लांट में आठ साल के इंतजार के बाद बिजली का उत्पादन शुरू हो गया। देर रात 12 बजे कंपनी ने पहली यूनिट का वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया है। इस दौरान नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड (एनएलसी इंडिया) के सीएमडी प्रसन्ना कुमार मोटुपल्ली ने केक काटकर अधिकारियों संग खुशी जताई है। उत्पादन शुरू होते ही ग्रिड तक बिजली सप्लाई पहुंच गई।घाटमपुर पावर प्लांट में 660 मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू घाटमपुर क्षेत्र के यमुना तटवर्ती स्थित नेवेली उप्र पावर लिमिटेड की ओर से 1980 मेगावाट क्षमता का पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। अगले चार-चार महीनों में कंपनी शेष दोनों यूनिटों का काम भी चालू कर देगी। इसमें कोल आधारित सुपर क्रिटिकल की 660 मेगावाट की तीन इकाइयां स्थापित होनी हैं। वर्ष 2016 से कंपनी ने पहली यूनिट का निर्माण कार्य चालू कराया गया था। कंपनी ने 660 मेगावाट की पहली यूनिट का सफल परीक्षण कर बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी को सीओडी (कॉमर्शियल ऑफिशियल डेट) मिलने का इंतजार था। सीईओ की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि बुधवार रात 12 बजे कंपनी प्रबंधक निदेशक की मौजूदगी में पहली यूनिट चालू की गई, इससे ग्रिड को सप्लाई सफलतापूर्वक भेजी गई है। नेवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन (एनएलसी) इंडिया लिमिटेड और उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम एनयूपीपीएल का यह यमुना तटवर्ती स्थित पावर प्लांट है। एनएलसी इंडिया की 51 प्रतिशत तो उप्र राज्य विद्युत उत्पादन की 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। हालांकि असम सरकार ने कंपनी के 20 प्रतिशत शेयर खरीद चुकी हैं। जिसके चलते असम सरकार का भी पवार प्लांट में हिस्सेदारी होगी।प्रबंध निदेशक के साथ एनएलसीआईएल के निदेशक वेंकटाचेल्लम, कार्यकारी निदेशक (थर्मल) सूर्यनारायण बी, वरिष्ठ सलाहकार चंगापंडियन बी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंदारामानुजम के, मुख्य महाप्रबंधक परियोजना दुरई कुमार एस, मुख्य वित्तीय अधिकारी एनयूपीपीएल अशोक कुमार मौजूद रहे।

## पेपर खराब होने पर कालेज की छत से कूदी छात्रा, रीड़ की हड्डी टूटी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मां बाप ने मेहनत करके बेटी को अच्छे कालेज में दाखिला दिलाया लेकिन पढ़ाई के बोझ को बेटी बर्दाश्त नहीं कर सकी। डिप्रेशन में आकर उसने कालेज की छत से कूद कर जान देने की कोशिश की जिसके बाद हड़कम्प मच गया। गार्ड ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन को सूचना दी। कॉलेज के डायरेक्टर आए। उसे लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे। फिलहाल छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है।

परिजनों का कहना है कि बेटी काफी परेशान थी। कई दिन से डिप्रेशन में भी चल रही थी। फिलहाल, उसका इमरजेंसी वार्ड में इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई है।कल्याणपुर गूबा गार्डन निवासी शिशिर कटियार की बेटी तनिष्का विश्वविद्यालय में बीकॉम ऑनर्स की फर्स्ट ईयर की छात्रा है। घर में मां पलवी कटियार, एक भाई और छोटी बहन है। मां ने बताया कि बेटी की परीक्षाएं चल रही थी। परीक्षा के दौरान कुछ विषयों के पेपर खराब हो गए थे, जिसके कारण वह डिप्रेशन में थी। कहती थी कि पता नहीं क्यों इतन खराब पेपर गए। जबकि मैं इतना पढ़ती हूं। हम लोग उसे समझाते थे। सब ठीक हो जाएगा।

तुम सब मेहनत से पढ़ो।पलवी ने बताया-पति नैनीताल गए हुए हैं। गुरुवार को पेपर देकर लौटने पर बेटी से जानकारी की तो उसने ठीक ढंग से जवाब नहीं दिया। शुक्रवार को तनिष्का अंतिम पेपर देने गई थी, जिसके बाद तनिष्का ने यूनिवर्सिटी की स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के नए भवन की पहली मंजिल से छलांग लगा दी। यूनिवर्सिटी के लोग अस्पताल लेकर गए। यहां उसका इलाज जारी है। इस मामले में कालेज प्रशासन ने लेटर जारी करके छात्रा के रेलिंग से गिरने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दहेज में नहीं मिली कार, दिया तीन तलाक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। विवाहिता को कार न देने पर ससुराल वालों ने पीट कर निकाल दिया। घर से निकलने से पहले पति नें तीन तलाक बोल दिया जिसके बाद पीड़ता ने थाने में गुहार लगायी है। कर्नलगंज पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत छह ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। पुलिस के मुताबिक मामले में विवेचना शुरू कर दी गई है। ईदगाह निवासी सेवानिवृत्त दरोगा मोहीउद्दीन ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी आफरीन का निकाह एक अप्रैल 2021 को झांसी मऊरानीपुर निवासी मोहम्मद साहब से की थी।

शादी में उन्होंने 25 लाख रुपये खर्च किया था। आरोप है कि शादी के बाद सास रुखसाना बेगम और ननद सबा निहाल, सैफाली आदि ने कार और अन्य दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन उसे आए दिन प्रताड़ित करते थे। मोहीउद्दीन के मुताबिक ससुराल वाले नई कार की मांग कर रहे थे।

पैसे न होने पर वो फिर भी दबाव बना रहे थे। मजबूरी में आकर दो मार्च को दरोगा ने कार को फाइनेंस करा दी। बेटी के ससुराल वालों ने आपत्ति जताई कि उनके नाम कार क्यों नहीं दी। मोहीउद्दीन ने कहा कि उन्होंने कार फाइनेंस करवाई है पूरी किश्तें अदा होते ही वह उसके नाम करवा देंगे। फिर भी पति नहीं माना और तीन तलाक दे दिया।

## डीएम ने रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा मध्य रात्रि रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सर्दी के बढ़ते मौसम के मद्देनजर, जनपद के विभिन्न रैन बसेरो का मध्य रात्रि औचक निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा तथा उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रैन बसेरे में आने वाले लोगो को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा उनसे कोई शुल्क आदि न लिया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि रैन बसेरे में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परमट मंदिर, फूलबाग तथा घंटाघर स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया।

## छह दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण का सोमवार को शुभारंभ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में विश्व विद्यालय स्थिति मशरूम शोध एवं विकास केंद्र पादप रोग विज्ञान विभाग के अंतर्गत छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

मशरूम शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एस.के.विश्वास ने बताया कि कोई भी व्यक्ति (कृषक, छात्र एवं शहरी लोग) जो मशरूम की खेती या व्यवसाय करना चाहते हैं। तो यह उनके लिए उत्तम अवसर है। डॉ विश्वास ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर लोग एस्टर, बटन या मिल्की मशरूम की खेती शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उगाने के विभिन्न प्रकार के प्रयोग (प्रैक्टिकल) भी कराए जाएंगे।डॉ विश्वास ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए रुपया 1000/- पंजीकरण शुल्क के साथ अपनी आईडी (आधार की कॉपी) एवं एक स्वयं की पास पोर्ट साइज फोटो देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अगर कोई किसान बाहर से आता है। तो उसे रुकने की व्यवस्था होगी। लेकिन उसके लिए प्रशिक्षणार्थी को अलग से शुल्क देना होगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि सफलतापूर्वक प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मशरूम पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कोई भी युवक/युवतियां अधिक जानकारी के लिए 9452522504 एवं 9140717052 फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## सीपी कार्यालय में दम्पति ने किया सुसाइड का प्रयास

### पुलिस ने कार्यवाही के नाम पर दिया लॉलीपॉप

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस कमिश्नरेट की हाईटेक पुलिस कई माह से गायब किशोरी को ढुढ़ने के बजाये परिजनों को प्रेम प्रसंग का पहाड़ा पढ़ा रही है जिससे आजिज आकर दम्पत्ति ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सुसाइड का ऐसा ड्रामा रचा कि पुलिस के हाथ पांव फूल गये। दम्पति ने भले ही हाई वोल्टेज ड्रामा रचा हो लेकिन इसके पीछे मकसद न्याय पाना है अगर पुलिस ने समय पर गुहार सुन ली होती तो शायद इस दम्पत्ति को यह सब न करना पड़ता। फिलहाल वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने तुंरत पकड़ लिया। हालांकि इस दौरान कमिश्नर दफ्तर परिसर में अफरातफरी का माहौल रहा।दंपती ने बताया-गुंडों ने दिनदहाड़े उनकी बेटी को अगवा कर लिया गया है। उन्हें आशंका है कि बेटी को किडनैप करने के बाद मर्डर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के बाद छोड़ दिया। बिल्हौर थाने में सुनवाई नहीं होने के चलते उन्होंने यह कदम उठाया है। बिल्हौर निवासी राकेश दुबे मान निवादा उत्तरीपुरा बिल्हौर के रहने वाले है राकेश दुबे ने बताया- उनकी बेटी 31 अगस्त को बिल्हौर के खेरेश्वर मंदिर के सरैया घाट पर दीपदान करने गई थी। इसके बाद उनकी बेटी लापता हो गई। उन्होंने बिल्हौर थाने में इसकी गुमशुदगी दर्ज कराई।पुलिस ने मंदिर और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो उनकी बेटी मंदिर से निकलने के बाद ई-रिक्शा से जाते हुए देखी गई। ई-रिक्शा का पीछा एक काली स्कॉर्पियो कर रही थी।आरोप है कि स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने उनकी बेटी को 3 महीने पहले किडनैप करने के बाद मर्डर कर दिया है। बिल्हौर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा और पूछताछ करने के बाद साठगांठ करके छोड़ दिया। थाने से लेकर एसपी और डीसीपी दफ्तर के बाद पुलिस कमिश्नर ऑफिस में एप्लिकेशन की लेकिन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।इसी से आहत होकर दंपती ने पुलिस कमिश्नर दफ्तर में आत्मदाह करके जान देने का प्रयास किया। हालांकि वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें बचा लिया और समझाने के बाद अफसरों के सामने पेश किया। पुलिस कमिश्नर को पूरे मामले की जानकारी दी।इसके बाद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने मामले में जांच बैठा दी है। थानेदार से युवती के गुमशुदगी को लेकर पूरी आख्या तलब की है। हालाकिं नियमानुसार तीन दिन तक लापता व्यक्ति का पता न चलने पर अपहरण का मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही करनी चाहिये थे लेकिन पुलिस ने पुराने मामलों से सबक नहीं लिया।

## सिंचाई विभाग के कर्मचारी को बस ने रौंदा, मचा कोहराम

बीपीएस न्यूज

कानपुर। गंगा बैराज स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय जा रहे बाइक सवार कर्मी को तेज रफ्तार रोडवेज बस नें रौंद दिया। राहगीरों के शोर मचाने पर ड्राइवर बस छोड़ कर मौके से फरार हो गया।

ममरे भाई की शादी समारोह में शामिल होने नौबस्ता स्थित मायके गई पत्नी पति की मौत की खबर सुनकर बेसुध हो गई। नवाबगंज पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया। शारदा नगर निवासी सुमित सोनकर (52) सिंचाई विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रुप में कार्यरत थे। परिवार में पत्नी सोनी, बेटी अविका व बेटा आर्यव है। सिंचाई विभाग से रिटायर्ड पिता आरके सोनकर ने बताया कि वर्ष 2011 में बेटा फतेहपुर से ट्रांसफर होकर कानपुर आया था।आज सुबह बेटा गंगा बैराज स्थित ऑफिस जा रहा था। वह उरअ गेट नंबर 3 के पास पहुंचा ही था, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सुमित की बाइक में टक्कर मार दी, बाइक अनियंत्रित होने से सुमित बस के पिछले पहिए की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने बस को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। हादसे की सूचना पर शादी समारोह वाले घर में मातम पसर गया। बेटे की मौत पर पिता बिलखते हुए बोले कुछ दिन पहले ही आंख का ऑपरेशन कराया था, पता होता यह दिन देखना पड़ेगा तो ऑपरेशन न कराता।

## परमट धाम परिसर में भक्तों ने चखा आयोजित भण्डारे का प्रसाद

बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर नगर ग्रामीण मजदूर सभा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा शिव शिवाला परमट धाम में विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया यह भण्डारा सुबह 11 से शुरू हुआ जो कि देर शाम तक चलता रहा। बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों ने गरमागरम पूड़ी, सब्जी समेत बूंदी का प्रसाद ग्रहण कर आनंद उठाया और भण्डारा आयोजित कराने वाले को दूधों नहाओ और पूतों फलों का आर्शीवाद दिया। इस मौके पर नरेंद्र सिंह यादव, कामिनी यादव, महेंद्र सिंह यादव वरिष्ठ भाजपा नेता, मोना गौतम (भाजपा नेत्री) मानस यादव, अखिलेश यादव, सत्येन्द्र, साक्षी, सुवेश निगम, अंकित सोनवानी, अमित आदि उपस्थित रहे ।



# हिंदुत्व एक बीमारी है', पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती के विवादित पोस्ट से खड़ा हुआ विवाद

जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने हिंदुत्व के खिलाफ अपनी विवादित टिप्पणी से विवाद खड़ा होने के बाद अपना रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने 'हिंदुत्व' की विचारधारा के खिलाफ बात की थी, न कि 'हिंदू धर्म' के खिलाफ। उन्होंने कहा, हिंदू धर्म एक ऐसा धर्म है जो शांति और करुणा को बढ़ावा देता है और आगे उन्होंने 'हिंदुत्व' दर्शन की आलोचना की, जिसके बारे में उनका दावा है कि वह केवल हिंदुओं के लिए भारत चाहता है।

उन्होंने आगे कहा, यह महात्मा गांधी का भारत है। मैंने हिंदुत्व के खिलाफ बात की है, हिंदू धर्म के खिलाफ नहीं। मुफ्ती ने कहा मैंने वीर सावरकर के दर्शन के खिलाफ बात की है कि भारत केवल हिंदुओं के लिए हैज्मैं जानती हूं कि हिंदू धर्म एक ऐसा धर्म है जो शांति और करुणा को बढ़ावा देता है। मैं हिंदुत्व के खिलाफ हूं क्योंकि यह एक बीमारी है जिसे खत्म करने की जरूरत है।शनिवार को उनके विवादित पोस्ट ने विवाद को जन्म दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि हिंदुत्व एक बीमारी है जिसने लाखों भारतीयों को पीड़ित किया है और एक भगवान के नाम को कलंकित किया है।एक कथित वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, भगवान राम को शर्म से अपना सिर झुकाना चाहिए और असहाय होकर देखना चाहिए कि कैसे नाबालिग मुस्लिम लड़कों को सिर्फ़ इसलिए चप्पलों से पीटा जा रहा है क्योंकि वे उनका नाम लेने से इनकार करते हैं।हिंदू धर्म और हिंदुत्व में अंतर करते हुए मुफ़्ती ने इस बात पर ज़ोर दिया कि हिंदुत्व इस्लाम की तरह ही धर्मनिरपेक्षता, प्रेम और करुणा के मूल्यों को बढ़ावा देने वाला धर्म है। उन्होंने कहा हिंदुत्व और हिंदू धर्म में बहुत अंतर है। हिंदुत्व नफरत का एक दर्शन है जिसे वीर सावरकर ने 1940 के दशक में हिंदुओं के आधिपत्य को स्थापित करने के उद्देश्य से भारत में फैलाया था, और दर्शन यह था कि भारत हिंदुओं का है और हिंदुओं के लिए है। इस्लाम की तरह, हिंदू धर्म भी एक ऐसा धर्म है जो धर्मनिरपेक्षता, प्रेम और करुणा को बढ़ावा देता है। इसलिए, आइए इसे जानबूझकर विकृत न करें।

जय श्री राम के नारे पर बोलते हुए मुफ्ती ने आगे कहा, जय श्री राम का नारा रामराज्य के बारे में नहीं है, बल्कि इसे लिंचिंग से जोड़ा जा रहा हैज्यह बहुत शर्मनाक है कि हिंदू धर्म को विकृत किया जा रहा हैज मैंने हिंदुत्व की आलोचना की क्योंकि यह एक बीमारी है।इस बीच, इल्तिजा के बयान के बाद, कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा, उन्होंने हिंदू धर्म की प्रशंसा की है। वह एक युवा नेता हैं और मुफ्ती मोहम्मद सईद की पोती हैंज्हम सभी को एक-दूसरे के धर्मों का सम्मान करना चाहिए।भाजपा नेता रविंदर रैना ने मुफ्ती के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि पीडीपी नेता ने हिंदू धर्म के लिए बहुत अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है और उनसे माफी मांगने की मांग की। रैना ने कहा, पीडीपी नेता ने बहुत अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिएज्पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती को अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए।

# 180 साल पुराने नूरी जामा मस्जिद के अवैध हिस्से पर चला योगी का बुलडोजर

उत्तर प्रदेश के फ़तेहपुर जिले में 180 साल पुरानी नूरी जामा मस्जिद के एक बड़े हिस्से को जिला प्रशासन द्वारा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को बुलडोज़र से ढहा दिया गया। एक अधिकारी ने कहा कि बांदा सागर रोड पर ललौली शहर में स्थित मस्जिद समिति द्वारा दो नोटिस जारी किए जाने के बाद भी अतिक्रमण हटाने में विफल रहने के बाद विध्वंस हुआ। जिस हिस्से को ढहाया गया, उसका निर्माण पिछले तीन वर्षों में बांदा-बहराइच रोड पर मस्जिद का विस्तार करने के लिए किया गया था, जिससे सड़क के प्रस्तावित चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न हुई।

ध्वस्त खंड का निर्माण पिछले तीन वर्षों में बांदा-बहराइच रोड (राज्य राजमार्ग 13) पर मस्जिद का विस्तार करने के लिए किया गया था, जिससे सड़क के प्रस्तावित चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न हुई। मस्जिद को गिराने के लिए क्क्ष्ठ विभाग ने एक महीने पहले नोटिस दिया था। यूपी सरकार ने कहा कि फतेहपुर जिले के बहराइच-बांदा मार्ग (एसएच-13) को चौड़ा करने के लिए पीडब्ल्यूडी सड़क किनारे अवैध निर्माण हटा रहा है। आज ललौली में नूरी मस्जिद प्रबंध कमेटी द्वारा किये गये अवैध निर्माण को सौहार्दपूर्वक हटाया गया।इसके साथ ही कहा गया है कि अवैध निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी ने 17 अगस्त को कमेटी को नोटिस जारी किया था। 24 सितंबर को पीडब्ल्यूडी ने अवैध निर्माण तोड़ने का अभियान चलाया था। उस वक्त मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने कहा था कि वे अवैध निर्माण को खुद ही तोड़ देंगे, लेकिन ऐसा नहीं कर सके।

# क्या शादी का वादा देकर सेक्स करना क्राइम है? हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया

केरल हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार का मामला रद्द करने से इनकार कर दिया. आरोप है कि उसने पीड़िता से शादी का झूठा वादा करके उससे शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया. हाईकोर्ट ने कहा कि सेक्स किसी वादे का हिस्सा नहीं हो सकता. जस्टिस ए बदरुद्दीन की अध्यक्षता वाली एकल पीठ ने कहा कि अगर यह प्रमाणित होता है कि पीड़िता से शादी के वादे पर, बिना किसी ईमानदार इरादे के शारीरिक संबंध बनाए गए, तो यह सहमति भ्रामक तथ्यों पर आधारित मानी जाएगी. ऐसी स्थिति में सहमति वैध नहीं होती.

दरअसल, आरोप है कि आरोपी, जो पुलिस विभाग का सदस्य है और पीड़िता के दोस्त का भाई है, ने 2019 में पीड़िता से तब दोस्ती की, जब उसकी शादी एक अन्य व्यक्ति से तय हो चुकी थी. कोरोना महामारी के कारण शादी टल गई. इस दौरान आरोपी ने पीड़िता को शादी का वादा किया और कई बार शारीरिक संबंध बनाए.बाद में आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया. पीड़िता ने 9 जनवरी 2022 को पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई. शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने पीड़िता के कार्यस्थल अस्पताल जाकर उसे शिकायत वापस लेने के लिए धमकी दी और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी दी.आरोपी ने दलील दी कि उनका रिश्ता सहमति पर आधारित था और इसे बलात्कार नहीं कहा जा सकता. उन्होंने पूर्व के मामलों का हवाला देते हुए कहा कि सहमति के साथ बना रिश्ता भले ही शादी का वादा किया गया हो तब तक अपराध नहीं माना जा सकता जब तक वादा शुरू से झूठा न हो.लोक अभियोजक ने तर्क दिया कि आरोपी ने शादी का झूठा वादा कर पीड़िता से सहमति प्राप्त की, जिससे वह सहमति वैध नहीं रही. साथ ही आरोपी द्वारा धमकी देना और पीड़िता की तस्वीरें सार्वजनिक करने की बात, मामले को और गंभीर बनाती है.हाईकोर्ट ने कहा कि अगर शादी का वादा शुरू से ही झूठा हो और इस आधार पर सहमति प्राप्त की जाए, तो यह आईपीसी की धारा 90 के तहत अवैध मानी जाएगी. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सहमति का मतलब है महिला की स्पष्ट और स्वैच्छिक स्वीकृति. कोर्ट ने कहा कि यदि सहमति डर, चोट, या भ्रामक तथ्यों के आधार पर प्राप्त की गई हो, तो वह सहमति वैध नहीं मानी जाएगी.卐 इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी की याचिका खारिज कर दी और मामले को आगे बढ़ाने का आदेश दिया.

# हिंदू परिवार ने ऑर्डर किया वेज डिश, रेस्टोरेंट ने परोस दिया नॉनवेज

उत्तर प्रदेश के मेरठ के एक रेस्टोरेंट में एक शाकाहारी हिंदू परिवार को मांसाहारी खाना परोसने पर जमकर हंगामा हुआ. आरोप है कि परिवार ने वेज खाने का ऑर्डर दिया था, लेकिन रेस्टोरेंट के स्टॉफ ने उन्हें जानबूझकर नॉनवेज खाना परोसा था और उनका धर्म भ्रष्ट करने की कोशिश की. मामले की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के लोग भी मौके पर पहुंच गए और होटल स्टाफ पर कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की. पुलिस का दावा है कि उन्होंने इस मामले की जांच शुरू कर दी है.

बताया जा रहा है कि हिंदू परिवार ने विलायती वेज नाम की डिश का ऑर्डर दिया था, लेकिन होटल स्टाफ की गलती से मांसाहारी डिश उनकी टेबल पर रख दी गई. परिवार के लोंगो ने जब खाना खाया तो उसका स्वाद मांसाहारी खाने जैसे लगा. इसी के बाद हंगामा शुरू हो गया. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हंगामा सुना जा सकता है, 'आपने हमें क्यों जान-बूझकर नॉन वेज खिलाया? गलती से हो गया होगा, जानबूझकर.. आपका नाम क्या है? मेरा नाम आसिफ है सर. तो मुझे नॉनवेज क्यों खिलाया गया? मेरा धर्म क्यों भ्रष्ट किया गया?'

रेस्टोरेंट में हिंदू परिवार और होटल स्टाफ के बीच हुए इस हंगामे का वीडियो भी सामने आया है, जिसमे शेफ सहित होटल स्टाफ के लोग खड़े हैं और परिवार उनसे बहस कर रहा है. वीडियो में होटल स्टाफ अपनी गलती मान रहा है और नॉनवेज डिश परोसने पर अपनी गलती मान रहा है, लेकिन परिवार मानने को तैयार नहीं हैं. वीडियो में यह भी सुना जा सकता है, 'ऑर्डर तो वेज ही है, गलती से आ गया. गलती कैसे हो गई.

# वादे के मुताबिक त्वचा गोरी नहीं हुई, इमामी कंपनी पर लगा 14 लाख का जुर्माना

दिल्ली जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सोमवार को भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए दिल्ली निवासी की 2013 की शिकायत पर पर्सनल केयर कंपनी, इमामी लिमिटेड को दंडात्मक क्षतिपूर्ति के रूप में 15 लाख का भुगतान करने का आदेश दिया। कंपनी को राज्य उपभोक्ता कल्याण निधि के दिल्ली बैंक खाते में 14.5 लाख का दंडात्मक हर्जाना जमा करने और उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी के निवासी निखिल जैन को 50,000 का भुगतान करने का आदेश दिया गया है, जिन्होंने अक्टूबर 2012 में क्रीम खरीदी थी और इसके खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। कोलकाता मुख्यालय वाली सौंदर्य और कल्याण कंपनी। कंपनी को लागत में 10,000 का भुगतान करने के लिए भी कहा गया है।जैन ने 2013 में जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने कंपनी की फेयर एंड हैंडसम क्रीम का इस्तेमाल किया था, जिसका विज्ञापन उपयोगकर्ताओं को तीन सप्ताह में गोरी त्वचा प्रदान करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि उत्पाद ख़राब था क्योंकि पैकेज पर कंपनी के निर्देशों के अनुसार उपयोग करने के बावजूद उनकी त्वचा गोरी नहीं हुई। सुनवाई के दौरान, कंपनी ने अपने उत्पाद का बचाव करते हुए कहा कि इसे वैज्ञानिक रूप से परीक्षण किया गया है और 16 से 35 वर्ष की आयु के पुरुषों को यूवी किरणों के कारण त्वचा के कालेपन से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इसके अलावा, यह तर्क दिया गया कि व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद से लाभ कई अन्य आसन्न कारकों पर निर्भर करता है जैसे कि उत्पाद का उचित उपयोग और उचित पौष्टिक आहार, व्यायाम, स्वस्थ आदतें, स्वच्छ रहने की स्थिति आदि। जैन ने तर्क दिया कि 2012 में उन्होंने 79 रुपये में जो क्रीम का पैकेट खरीदा था, उसमें ये सभी निर्देश और शर्तें नहीं थीं।

# पुरुषो के खिलाफ दहेज कानून के दुरुपयोग को रोकने की मांग

बेंगलुरु स्थित एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की आत्महत्या के बाद दहेज कानूनों के दुरुपयोग और दुरुपयोग के लिए दिशानिर्देश पेश करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। उत्तर प्रदेश के 34 वर्षीय तकनीकी विशेषज्ञ अतुल सुभाष की मंगलवार को बेंगलुरु में उनके आवास पर आत्महत्या से मृत्यु हो गई। सुभाष ने 24 पन्नों का एक नोट और 1.5 घंटे लंबा एक वीडियो छोड़ा, जिसमें अपनी अलग रह रही पत्नी और उसके परिवार पर उत्पीड़न और उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने का आरोप लगाया गया।

वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में अदालत से केंद्र को अपने पहले के फैसले में की गई टिप्पणियों को लागू करने का निर्देश देने की मांग की गई। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के दुरुपयोग को चिह्नित किया था, जहां पति और उसके रिश्तेदारों को पत्नी के खिलाफ घरेलू क्रूरता का आरोप लगाते हुए अनावश्यक रूप से आपराधिक मामलों में घसीटा जाता है। इसने अदालत से मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों की समीक्षा और सुधार करने और उनके दुरुपयोग को रोकने के उपाय सुझाने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों, वकीलों और कानूनी न्यायविदों की एक विशेषज्ञ समिति बनाने के निर्देश जारी करने की भी मांग की। याचिका में यह भी मांग की गई है कि विवाह पंजीकरण में विवाह के दौरान दिए गए सामान और उपहारों को भी दर्ज किया जाना चाहिए।गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा था कि अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि कानून का दुरुपयोग रोका जा सके और पति के रिश्तेदारों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए परिवार के निर्दोष सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

# भोले बच गए और अल्लू अर्जुन नप गए! 121 मौत के बाद बाल भी बांका न हुआ!

साउथ के सुपरस्टार और पुष्पा सीरीज से दुनिया भर में मशहूर अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने से आहत फैन्स की भावनाएं बाहर आने लगी हैं. पुष्पा-2 की स्पेशल प्रीमियर के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत होने के मामले में अल्लू अर्जुन के खिलाफ पुलिस कार्रवाई ने सोशल मीडिया पर भी भूचाल ला दिया है. अल्लू अर्जुन का कहना है कि पुलिस ने उनके बेडरूम में घुसकर उन्हें गिरफ्तार किया.

पुलिस ने 13 दिसंबर को गिरफ्तारी के बाद अल्लू अर्जुन का मेडिकल करवाकर तेलंगाना हाई कोर्ट में पेश किया. इसके बाद जस्टिस जुव्वडी श्रीदेवी ने फैसला सुनाते हुए उन्हें 14 दिनों की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया. हालांकि, बाद में हाई कोर्ट ने अल्लू अर्जुन को अंतरिम जमानत भी दे दी. एक्टर अल्लू अर्जुन के अलावा उनकी सिक्योरिटी टीम और थिएटर मैनेजर के खिलाफ चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 और 118 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया था.

बॉक्स ऑफिस पर जिस तरह से फिल्म पुष्पा-2 तहलका मचा रही है, उसके मुख्य किरदार अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद वैसा ही बवाल सड़कों पर बढ़ गया है. इस बीच पुष्पा-2 के प्रीमियर की भगदड़ में जान गंवाने वाली महिला रेवती के पति ने कहा कि मेरे बेटे ने मुझे उस दिन संध्या थिएटर में फिल्म दिखाने के लिए कहा था. इस दुर्घटना के लिए अल्लू अर्जुन का कोई दोष नहीं है. अगर जरूरत पड़ी तो मैं केस वापस ले लूंगा. मुझे अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बारे में पुलिस से नहीं बल्कि मोबाइल से पता चला.

एक महिला की मौत के मामले में अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद सियासत भी तेज हो गई. अल्लू अर्जुन के ससुर कंचरला चंद्रशेखर रेड्डी तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं. उन्होंने पुलिस स्टेशन पहुंचकर अल्लू अर्जुन से मुलाकात की थी. हालांकि, उन्होंने मीडिया से कुछ नहीं कहा. दूसरी ओर, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी ङ्क्षस्त्रक्षक्कऔर के चंद्रशेखर की पार्टी बीआरएस ने अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी को गलत बताया है.

इसके साथ ही नेता, पत्रकार, वकील और कलाकार समेत कई लोगों मे सोशल मीडिया पर देश के अलग-अलग मामले के साथ अल्लू अर्जुन की तुलना करते हुए इसे ज्यादती करार दिया है. कुछ लोगों ने अल्लू अर्जुन के मामले में इसी साल जुलाई महीने में उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले का भी जिक्र किया. इस केस में हाथरस में सतसंग कराने वाले कथित प्रवचनकर्ता नारायण साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा का नाम तक एफआईआर में दर्ज नहीं किया गया था.हाथरस भगदड़ मामले की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने भोले बाबा से पूछताछ भर की थी. जबकि, हाथरस के फुलरई गांव में दो जुलाई को नारायण साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में 80 हज़ार लोगों के शामिल होने की परमिशन लेकर क़रीब ढाई लाख लोगों को जुटा लिया गया था. भक्तों के समागम के आयोजन की व्यवस्था बाबा के खास सेवादारों ने ही संभाल रखी थी. सत्संग के बाद भोले के निकलने वक्त उनके चरणों की धूल लेने के लिए सैकड़ों भक्त दौड़ने लगे. खेत में बारिश की वजह से मिट्टी पर लोगों के फिसलने से भगदड़ मची और एक के ऊपर एक लोग गिरते चले गए.

हाथरस हादसे में 121 लोगों की जानें चलीं गई थी. हादसे के चश्मदीदों ने दावा किया था कि हादसा के वक्त भोले बाबा के सेवादार हालात को संभालने की ज़िम्मेदारी के बदले वहां से भाग खड़े हुए थे. पुलिस ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में नारायण साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ मामले में 11 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई है. पुलिस ने इस मामले में 1 अक्टूबर को कोर्ट में कुल 3200 पेजों को चार्जशीट दाखिल की. इसमें सत्संग का आयोजन करने वाले समेत ग्यारह लोगों को आरोपी बनाया है.



# तलाक पर सुप्रीम कोर्ट ने नया ऑर्डर दिया क्या, पलट जाएगा अतुल केस का फैसला?

एक घंटा 21 मिनट और 46 सेकेंड की कहानी खुद उसी शख्स की जुबानी सामने आई जिसने देश दुनिया को झकझोर कर रख दिया। पहले वो 81 मिनट तक अपनी कहानी सुनाता है और फिर 23 पन्नों में अपनी कहानी लिखता भी है। उसने अपनी कहानी सुनाई और इसे लिखा भी फिर आखिर में हरेक को अलविदा कह दिया। सुनने वाले को शुक्रिया कहता है और फिर ये भी कहता है कि आप सब जो फिल्म देख रहे हैं आप सभी का कल्याण हो। फिर वो मौत को गले लगा लेता है। अतुल सुभाष 34 साल का एक इंजीनियर जिसकी बैंगलुरू के एक कमरे के अंदर पंखे से झूलती लाश मिली उसके बाद से पूरे देश में इसकी चर्चा है। चर्चा अतुल के नाम की नहीं हो रही है। बल्कि चर्चा इस बात पर हो रही है कि एक पति की मौत और उसकी मौत के बाद उठता शोर। जान देने से पहले अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी, अपनी सास और जौनपुर फैमिली कोर्ट में तैनात जज रीता कौशिक पर जान देने के लिए उकसाने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। साल 2021 में अतुल और उसकी पत्नी निकिता सिंघानिया में मध्यस्थता की एक कोशिश फेल हो गई थी। इस साल निकिता और उसके परिजनों ने अतुल के परिवार से बिहार के समस्तीपुर में मध्यस्थता की कोशिश की। कोशिश ये कि अतुल और निकिता के बीच चल रहे विवाद को सुलझाया जाए। पती-पत्नी आपसी सहमति से अलग होने पर राजी हो जाए। दोनों परिवारों के बीच बातचीत हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निकिता का परिवार 22 लाख रुपये की एकमुश्त राषि पर अलग होने को राजी हो गया था। दावों के मुताबिक ये पूरी बातचीत समस्तीपुर के चार्टेड एकाउंटेंट पंकज ज्योति के घर पर हुई थी। बातचीत के दौरान अतुल लगातार अपने पिता से फोन पर बात करते रहे।

अतुल ने जाने से पहले अपनी पत्नी के परिवार और न्याय प्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। ये अतुल की आपबीती थी। 80 मिनट के अपने आखिरी वीडियो में वो कह रहे थे कि अपनी जिंदगी खत्म करना उनका आखिरी उपाय है। अगर ऐसा हुआ तो निकिता और उसके घरवालों को कुछ नहीं मिल सकेगा। लेकिन अभी भी ये साफ नहीं है कि निकिता का परिवार क्या सोचता है। बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष की मौत मामले में दहेज उत्पीड़न/घरेलू हिंसा के मौजूदा कानून में समुचित संशोधन की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। इस याचिका में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाए, जो इन कानूनों मे सुधार को लेकर अपने सुझाव दें। याचिका में मांग की गई है कि शादी के दौरान जो भी गिफ्ट/पैसा दिया जाए उसका मैरिज रजिस्ट्रेशन के दौरान रिकॉर्ड मे जिक्र किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने फिर कहा है कि दहेज प्रताड़ना मामले में अदालतों को सावधानी रखनी चाहिए ताकि कानून के गलत इस्तेमाल को रोका जा सके। जो लोग भी निर्दोष हैं उन्हें बेवजह परेशानियों से बचाया जा सके। शीर्ष अदालत ने इस बात पर गौर किया कि पति के परिजनों को फंसाने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। अदालत ने स्नङ्क्षक्रखारिज करने का आदेश देते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि वैवाहिक विवाद में पति के परिवार के सदस्यों को बिना कारण उनकी संलिप्तता के बिना उनके नाम को शामिल करने

# बिजली-रोडवेज के निजीकरण के खिलाफ योगी सरकार को घेरने की तैयारी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली और रोडवेज के निजीकरण के विरोध की चिंगारी तेज होती जा रही है। एक तरफ इन विभागों के कर्मचारी निजीकरण से गुस्से में हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस,सपा और बसपा जैसे राजनैतिक दलों के नेता भी निजीकरण के विरोध में लामबंद हो रहे हैं। बिजली के निजीकरण के विरोध में कांग्रेस सड़क पर उतरेगी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था, किसानों की समस्याओं समेत अन्य मुद्दों को लेकर शीतकालीन सत्र के दौरान 18 दिसंबर को विधान भवन का घेराव करने की घोषणा की है। प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे समेत वरिष्ठ नेता व सभी जिलों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। विधानसभा घेराव का पोस्टर भी जारी किया। कांग्रेस की नई कमेटियों के गठन से पूर्व विधान भवन के घेराव को प्रदेश इकाई के शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व को बड़ा संदेश देने का प्रयास होगा।

उधर, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना का कहना है कि बिजली के निजीकरण समेत सभी प्रमुख मुद्दों को सत्र में भी उठाया जाएगा। अराधना की तरफ से आरोप लगाया कि सरकार किसी भी मुद्दे पर अपनी जवाबदेही से हमेशा बचती रही है। विपक्ष के सवालों के जवाब से बचने के लिए ही चार दिन का अल्प सत्र बुलाया गया है। उन्होंने सत्र का समय बढ़ाए जाने की मांग भी की।

वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में निजीकरण के रास्ते धीरे-धीरे खुल रहे हैं। इसके विरोध में भी आंदोलन की चिंगारी उभर रही है। पहले बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर दिए जाने की कार्रवाई शुरू हुई. इसके बाद प्रदेश के 19 रोडवेज डिपो को प्राइवेट फर्मों के हवाले कर दिया गया। हालांकि अभी इन फर्मों ने जिम्मेदारी नहीं संभाली है लेकिन, एक जनवरी से तैयारी है। निजीकरण की प्रक्रिया से परिवहन निगम के कर्मचारी चिंतित हैं।इसलिए रोडवेज यूनियन कर्मचारियों को संघर्ष के लिए जागरूक कर रही है। सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री जसवंत सिंह प्रदेश भर के रीजनों के दौरे करके कर्मचारियों से रोडवेज के निजीकरण को लेकर उनकी राय ले रहे हैं। सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ की तरफ से गत दिवस लखनऊ के चारबाग बस स्टेशन पर एक सील बॉक्स रखा गया। इसमें रोडवेज के कर्मचारी एक प्रोफार्मा पर रोडवेज में निजीकरण को लेकर सहमत या असहमत पर टिक कर बॉक्स के अंदर डाल सकते हैं। 20 दिसंबर को यह बॉक्स खोला जाएगा और इस रेफरेंडर में सभी कार्मिक पत्र के माध्यम से सहमत या असहमत को काउंट किया जाएगा. इसके बाद निजीकरण को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा।

# महानगर की पहचान पान मसाला को समाप्त करने की साज़िश: ज्ञानेश मिश्र

बीपीएस न्यूज

कानपुर। स्टेट जी एस टी कार्यालय लखनपुर मे महानगर की पहचान पान मसाला को समाप्त करने की साज़िश,कानपुर मे स्टेट जी एस टी द्वारा पान मसाला उद्योग के बाहर पिछले कई दिनों से लगातार अधिकारियो द्वारा जाँच करने से उससे जुड़े कारोबार के प्रभावित होने व लोहा उद्यमियों को भी परेशान करने से प्रभावित होते कारोबार और अन्य समस्याओ को लेकर पान मसाला व लोहा से जुड़े व्यापारियो उद्यमियों और महानगर के व्यापारियों के साथ विभाग के गेट पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाज़ी की और फिर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर आयुक्त ग्रेड 1 आर एस विद्यार्थी ने बाहर आकर लिया और ज्ञापन को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व मे महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह, महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता, महानगर महामंत्री महेश सोनी व महानगर कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे आदि पदाधिकारी स्टेट जी एस टी कार्यालय लखनपुर मे महानगर की पहचान पान मसाला को समाप्त करने की साज़िश, कानपुर मे स्टेट जी एस टी द्वारा पान मसाला उद्योग के बाहर पिछले कई दिनों से लगातार अधिकारियो द्वारा जाँच करने से उससे जुड़े कारोबार के प्रभावित होने व लोहा उद्यमियों को भी परेशान करने से प्रभावित होते कारोबार और अन्य समस्याओ को लेकर पान मसाला व लोहा से जुड़े व्यापारियो उद्यमियों और महानगर के व्यापारियों के साथ विभाग के गेट पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाज़ी की और फिर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर आयुक्त ग्रेड 1 आर एस विद्यार्थी ने बाहर आकर लिया और उन्होने ज्ञापन को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि कि कानपुर मे स्टेट जी एस टी विभाग द्वारा प्रत्येक पान मसाला उद्योग के बाहर पिछले कई दिनों से लगातार अधिकारियो द्वारा जाँच की जा रही है जिस वज़ह से उससे जुडा कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और यह जी एस टी के नियमावली के तहत भी नहीं है व इज़ ऑफ़ डुइंग बिजनेस की अवधारणा के भी विपरीत है।

यहाँ तक कि इन पान मसाला इकाइयों ने कानपुर ही नहीं उप्र को छोड़कर दूसरे प्रदेश मे जाने या इकाई बंद करने का मन बना रही है व इसी तरह लोहा उद्योग से जुड़े उद्यमियों को इधर कुछ दिनों मे समय समय पर उनके फैक्ट्रीयों के बाहर जाकर जाँच करके परेशान किया जा रहा है ।

इससे भी लोहा कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह व महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने ने कहा कि* पान मसाला के आलावा इसी तरह कानपुर व उप्र के कुछ जिलों मे लोहा उद्योग से जुड़े उद्यमियों व कारोबारियों को परेशान किया जा रहा है इस वजह से भी दूसरे प्रदेश से लोहा व इसके प्रोडक्ट की आवक अर्थात बिक्री बढ़ गई है जबकि कानपुर व यू पी की बिक्री घट गई है।

# महाकुंभ पर रेलवे ने बनाई रूप रेखा

कानपुर। महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे ने खास दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सीनियर डीसीएम हिमांशु शुक्ल ने पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी दी कि इस महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों का संचालन श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ को देखते हुए किया जाएगा।महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने बहुभाषी सूचना केंद्र विकसित किए हैं। इन केंद्रों में 12 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे यात्री अपनी यात्रा, ठहरने और प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचने की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। प्रयागराज जंक्शन पर वॉच टावर बनाया गया है, जहां से मैन्युअल और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जाएगी। रेलवे ने लगभग 2000 कैमरे विभिन्न स्थानों पर लगाए हैं, जो एआई तकनीक का उपयोग करके भीड़ प्रबंधन में मदद करेंगे।भीड़ नियंत्रण एवं प्रबंधन के लिए राज्य सरकार द्वारा विस्तृत यातायात योजना तैयार की गई है, जिसमें भारतीय रेलवे द्वारा व्यापक इनपुट दिया गया है। महाकुंभ मेले के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक कंप्यूटर-तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें सिमुलेशन प्रोग्राम शामिल होंगे। महाकुंभ मेला अवधि के दौरान सभी स्टेक होल्डर्स के बीच निर्बाध संचार सुनिश्चित करने पर भी बहुत ध्यान दिया जा रहा है। मैन पावर के क्षेत्र में अतिरिक्त संसाधन भी जुटाए जा रहे हैं। असामाजिक तत्वों पर नज़र रखने और उनकी पहचान के लिए फेस रिकग्निशन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

बीपीएस न्यूज

कानपुर। एंटी-रोमियो टीम थाना जूही द्वारा डॉ. सोने लाल पटेल सीनियर सेकेंड्री स्कूल में मिशन शक्ति के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा और सहायता हेतु महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई 1090, 1076, 112, 101, 108, 1098 ।महिला सशक्तिकरण और समाज कल्याण से जुड़े सरकारी प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। महिला साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाते हुए, डिजिटल सुरक्षा उपायों के बारे में बताया गया ।बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर जानकारी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है ताकि वे किसी भी कठिनाई में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

# अधिवक्ताओं को आयुष्मान योजना से जुड़वाने का करेंगे प्रयास : सुरेंद्र मैथानी

## विधायक मैथानी का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

बीपीएस न्यूज



कानपुर।रअधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति एवं अधिवक्ता एकता संगठन के सदस्यों ने विधायक सुरेंद्र मैथानी का अंगवस्त्र, पटका और माला पहना कर स्वागत किया।

अधिवक्ताओं ने कहा कि आपने हम अधिवक्ताओं की सुरक्षा जीवन रक्षा और संपत्ति रक्षा तथा अधिवक्ताओं के विरुद्ध लिखी जा रही है फर्जी रिपोर्टों से बचाव हेतु अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को शीघ्र लागू किए जाने की बात मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के समक्ष कानपुर के दर्शनपुरवा में रखी थी।

उसी का परिणाम है कि हमारे अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम के लागू किए जाने पर त्वरित कार्रवाई शुरू हुई और संरक्षण अधिनियम के प्रारूप को राज्य विधि आयोग भेज दिया गया। जिसकी सूचना शासन के न्याय विभाग के विशेष सचिव ने संघर्ष समिति संयोजक पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन को पत्र भेज कर दी। हमे विश्वास है कि अब शीघ्र हमारा अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू होगा।

सुरेंद्र मैथानी ने पत्र देखकर कहा कि हमारी सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है, अधिनियम का प्रारूप विधि आयोग पहुंच गया है और जो भी औपचारिकताएं होगी उनको जल्द पूरा करा अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को शीघ्र लागू कराने का प्रयास करूंगा। मैथानी ने यह भी बताया कि अधिवक्ताओं की चिकित्सा हेतु अधिवक्ताओं को आयुष्मान योजना से जोड़े जाने को मैंने विधानसभा में याचिका लगाई थी सोमवार से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है जिसमे हमारा प्रयास होगा कि अधिवक्ताओं को आयुष्मान योजना से जोड़ दिया जाए। जिसपर अधिवक्ताओं ने पुन: आभार व्यक्त किया।

स्वागत करने वालों में पंडित रवीन्द्र शर्मा, प्रशांत शुक्ला, अतुल सिंह, आशीष गुप्ता, संजीव कपूर, नीरज निषाद, राकेश सिद्धार्थ, प्रणवीर सिंह, दिगम्बर निषाद, रुखसार अहमद, श्रवण निषाद आदि रहे।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने कटोरा लेकर विधायक सुरेन्द्र मैथानी के कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## सुरेन्द मैथानी ने मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से मिल कर दिया न्याय दिलाने का भरोसा

## मुख्य सेविका व लेखपाल पद के अभ्यर्थियों को नौकरी देने, पेंशन पांच हजार करने की मांग

## यू.पी.तृपल एस.सी.आयोग है दिव्यांग अभिषेक की आत्महत्या का दोषी

बीपीएस न्यूज

कानपुर।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज विधायक सुरेन्द मैथानी के कार्यालय में कटोरा लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंप कर न्याय की भीख मांगा।विधायक सुरेन्द मैथानी ने मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। ज्ञात हो कि दिव्यांग महागठबन्धन के आवाहन पर जनप्रतिनिधियों का घेराव कर दिव्यांग कोटे के मुख्य सेविका व लेखपाल पद के अभ्यर्थियों को नौकरी देने, दिव्यांगजन को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी, दिव्यांग पेंशन पांच हजार रूपया देने कि मांग के लिए दिव्यांग संगठन लम्बे समय से आन्दोलन कर रहे हैं। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि अगर सरकार 19 दिसम्बर तक हमारी मांगों को पुरा नहीं करती है तो 20 दिसम्बर को राजभवन का पर पुरे उत्तर प्रदेश के दिव्यांग संगठन व दिव्यांगजन कटोरा लेकर न्याय कि भीख मांगेगे।घेराव पुरे उत्तर प्रदेश के दिव्यांग संगठन व दिव्यांगजन करेंगें। उन्होंने सरकार व शासन पर दिव्यांगजनों को सरकारी नौकरियों से वंचित करने का आरोप लगाया है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि यू.पी.तृपल एस. सी. आयोग चलन क्रिया वाले दिव्यांगो के लिये सरकारी नौकरियों में विज्ञापन जारी करने के बाद अक्षम व नाट क्वालिफाई दिखा कर सरकारी नौकरियों से बाहर कर दिया है।उन्होंने कहा कि यू.पी.तृपल एस. सी. आयोग को चलन क्रिया वाले दिव्यांगो को नौकरी नहीं देना था तो विज्ञापन क्यों जारी किया। शिक्षित बेरोजगार

दिव्यांगजनों को सरकार नौकरी न देकर आत्महत्या के लिये उकसा रही है। लेखपाल पद पर चयन होने के बाद नियुक्ति न मिलने के कारण गाजीपुर के दिव्यांग अभिषेक ने सदमें में आकर आत्महत्या कर ली। यू.पी.तृपल एस. सी. आयोग अभिषेक के आत्महत्या के लिये दोषी है। आयोग के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए।आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित,सरला बृजेश कुमार, मीरा कुशवाहा, गोमती वर्मा, याशमीन, राहुल विश्वकर्मा, अनिल श्रीवास्तव, राम जानकी, आशीष कुमार आदि शामिल थे।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम नगर आगमन पर हुआ स्वागत

बीपीएस न्यूज

कानपुर।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह भदौरिया के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत जाजमऊ पुल पर पदाधिकारियों के द्वारा धूमधाम से किया गया। प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र भदौरिया ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत करते हुए क्षत्रिय समाज का गौरव बताया। एडवोकेट पंकज राजावत के साथ पहुंचे सैकड़ो पदाधिकारियो ने जय मां भवानी जय राजपूताना के जोरदार नारे लगाकर जोश भरने का कार्य किया। कानपुर जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह सेंगर ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह भदौरिया को तलवार भेंटकर पगड़ी पहनाई वही लखनऊ से साथ चल रहे प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सिंह राजावत ने कहा कि अब प्रदेश का माहौल बदलने वाला है क्योंकि प्रदेश की कमान अब क्षत्रिय समाज के कुल भूषण मनोज भदौरिया जी को मिली है। सैकड़ो पदाधिकारियों के बीच नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सर्व समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करेगी। तथा महिलाओं की भागीदारी और संगठन में बढ़ाई जाएगी।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा निर्बल निर्धन असहाय वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य करने के लिए संकल्पित होकर कार्य करेगी। तथा संगठन में काम करने वालों को वरीयता दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर नगर के विभिन्न चौराहों पर पुष्प वर्षा कर काफिले का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री श्री धीरेंद्र सिंह भदोरिया प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सिंह राजावत प्रदेश प्रभारी हरी राज सिंह जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष एड पंकज सिंह राजावत जितेंद्र सिंह चंदेल पिंटू चंदेल राकेश सिंह राना हरिओम भदोरिया लाखन सिंह सनी सेंगर सुशील परिहार अनंत भदौरिया बलराम सिंह चंदेल अर्पित सिंह राणा रिंकू चौहान शैलेंद्र सिंह परमार यशवीर सिंह प्रियांशु ठाकुर समेत काफी संख्या मे पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं को जागरूकता कैम्प लगाकर दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

## बार एसोसिएशन पर लगा जागरूकता शिविर

बीपीएस न्यूज

कानपुर।अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति द्वारा कानपुर बार एसोसिएशन गेट पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिवक्ता कल्याण जागरूकता शिविर लगाया गया। जागरूकता कैम्प का उद्घाटन अमित सिंह महामंत्री कानपुर बार एसोसिएशन ने करते हुए कहा कि जागरूकता कैम्प से अधिवक्ताओं को प्रदेश की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल जाती है इस अधिवक्ता हितार्थ कार्य की हम सराहना करते है। संयोजक पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने बताया कि हर वर्ष लगाए जा रहे अधिवक्ता कल्याण जागरूकता कैम्प का उद्देश्य अधिवक्ताओं को प्रदेश में लागू सभी अधिवक्ता हितकारी योजनाओं की जानकारी देना है अधिवक्ता और उनके परिवार को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुलभता से कैसे मिलेगा की भी जानकारी शिविर में दी गई । साथ ही सभी योजनाओं के फार्म भी नि:शुल्क प्रदान किए जाते है। 231 अधिवक्ताओं ने कल्याणनिधि योजना की सदस्यता ली । 16 अधिवक्ताओं की सदस्यता बहाल कराई और 3 मृत्यु अनुदान योजना के फार्म वितरित किए गए।प्रमुख रूप से उमा शंकर गुप्ता चेयरमैन एल्डर कमेटी राम नवल कुशवाहा अरविंद दीक्षित सजीव कपूर शिवम गंगवार नवनीत पाण्डे गुरमीत सिंह अंकुर गोयल पंकज दीक्षित सी के सर्राफ संदीप वर्मा कंचन गुप्ता अतुल सिंह विनय मिश्रा आनंद सेठी इंद्रेश मिश्रा के के यादव आदि रहे।

# ताइक्वांडो अकैडमी आफ कानपुर के बच्चों ने जीता गोल्ड मेडल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। द्वितीय इंटर स्कूल जिला ताइक्कांडो चैंपियनशिप में ताइक्कांडो अकैडमी आफ कानपुर के बच्चों ने जीता गोल्ड मेडल दिनांक 10 व 11 दिसंबर दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुई ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के क्रेडिट वर्ग में अभिज्ञान भूषण ने मेडल हासिल किया अरनव भूषण ने जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल,पूमसे वर्ग में पीवी ग्रुप मे देव चौरसिया को गोल्ड मेडल दिया गया क्रेडिट वर्ग में अग्रिम त्रिपाठी गौरव तिवारी कंचन तिवारी दिव्यांश मिश्रा को गोल्ड मेडल दिया गया।

इस अवसर पर मदन मिश्रा डायरेक्टर गौरव तिवारी रेफरी दिव्यांशु मिश्रा कंचन तिवारी सत्येंद्र शुक्ला उपस्थित रहे बच्चों को शुभकामनाएं दी व निरुपमा गुप्ता सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की निर्देशिका ने बच्चों को सम्मानित किया।

# शहर में गंदगी, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कांग्रेस जन आंदोलन फ्रंट के नेतृत्व में शहर में गंदगी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट के विरोध में कांग्रेसियों में ज्ञापन नगर आयुक्त को सोपा ज्ञापन के दौरान बताया कि कानपुर दक्षिण की विभिन्न समस्याओ की निम्न समस्याओ का तुरन्त निस्तारण कराके जन साान्य को सुविधा पहुँचाने का कष्ट करें।

यह कि पूरे दक्षिण क्षेत्र में कूड़ा करकट का अम्बार लगा होने के कारण लोगो का जीवन नरकीय हो रहा है। हर तरफ गन्दगी का अम्बार के कारण मच्छरो का आंतक काफी बढ़ गया है। यदि यही स्थिति रही तो कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

इस भरी सर्दी मे बेसहारा, असहाय निहाल लोगो की दुर्दशा को देखते हुए आपसे अनुरोध है कि शहर के सभी रैन बसेरो की व्यवस्था तथा सरकारी बने हुए गृहो को सुव्यवस्थित करने तथा कम्बल आदि की व्स्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें तथा शहर भर के विभिन्न चौराहो पर अलाव जलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की कृपा करे जिससे जनता को सुविधा हो सके।कानपुर दक्षिण मे स्ट्रीट लाईटो के अधिकतर बन्द होने के कारण रात के समय सडको पर अँधेरा छाया रहता है। जिसके आढ मे असमाजिक तत्व सक्रिय होकर वारदातों को अंजाम देते हैं।

जिससे समाज मे भयावह स्थिति उत्पन्न हो जाती है।पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, अवनीश सलूजा,संजीव मिश्रा,इस्लाम अंसारी, दीपक त्रिवेदी,शिव बलवर्गी, सीता अग्निहोत्री चंदन वर्मा राजीव पांडे गुड्डू यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर।उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के दौरान कहां हाईस्कूल के संस्था प्रधान को प्रधानाध्यापक पदनाम की जगह प्रधानाचार्य पदनाम प्रदान कराया जाये तथा प्रारम्भिक ग्रेड वेतनं 6600 के साथ त्रिस्तरीय वेतनमान प्रदान किया जाये। शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में बनी कमेटी के द्वारा शुल्क वृद्धि हेतु सर्वसम्मत से शासन को दिये गये प्रस्ताव के आधार पर माध्यमिक विद्यालयों में अतिशीघ्र शुल्क संशोधन का शासनादेश जारी किया जाये। चयन बोर्ड की धारा 21, 18 एवं 12 को नवगठित उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन बोर्ड में सम्मिलित कराया जाना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। शासन द्वारा ग्रीष्मावकाश, रविवार या अवकाश के दिनों में प्रशिक्षण आदि में विद्यालयों को खोले जाने की स्थिति में उसके बदले प्रधानाचार्यों को अर्जित अवकाश प्रदान किया जाये।आउटसोर्सिग व्यवस्था को समाप्त करके विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति पूर्व की भांति करते हुये प्रधानाचार्यों को नियुक्ति का अधिकार प्रदान किया जाये।

सरकारी कर्मचारियों की भांति प्रधानाचार्यों को भी नि:शुल्क चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाये।माध्यमिक विद्यालयों के विद्युत बिल किसानों की भांति माफ किये जायें अथवा कॉमर्शियल बिल के स्थान पर सामान्य यूनिट दर से बिल का अलग से कोई खाता निर्धारित किया जाये।माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अन्य शैक्षिक संवर्गों की भांति त्रिस्तरीय वेतनमान स्वीकृत किया जाये।प्रधानाचार्यों की लम्बित मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद, कानपुर मण्डल कानपुर का मण्डलीय धरना संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय कानपुर में सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन आदरणीय संयुक्त शिक्षा निदेशक को सौंपा। धरने में मुख्य रुप से राजेश अग्निहोत्री, डा0 संदीप चतुर्वेदी, डा0 गिरीश कुमार मिश्र, डा0 मनप्रीत सिंह, नन्द किशोर मिश्र, धर्मेन्द्र अवस्थी, डा0 सौरभ भट्ट एवं समस्त सम्मानित प्रधानाचार्य (बालक / बालिका) उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष अ0 गिरीश कुमार मिश्र ने कहा कि यरि प्रधानाचार्यो की माँगे नहीं मानी गयीं तो प्रदेश व्यापी आन्दोलन किया जाएगा।

# सुरेंद्र मैथानी ने मेट्रो अधिकारियों के साथ प्रगति तथा व्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने के लिए की वार्ता

बीपीएस न्यूज

कानपुर। गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मेट्रो के अधिकारियों के साथ अपने कैंप कार्यालय बुलाकर मेट्रो के इंजीनियर, साइट इंचार्ज एवं ट्रैफिक कंट्रोलर आदि के साथ कार्य प्रगति तथा व्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने के लिए वार्ता करी। तत्पश्चात विधायक ने सभी संबंधित मेट्रो के लोगों के साथ डबल पुलिया से लेकर अपनी पूरी विधानसभा के मेट्रो मार्ग का निरीक्षण किया।

विधायक ने, सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि हमारी विधानसभा क्षेत्र की, मेट्रो के कारण से अव्यवस्थित हुई ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित किया जाए इसमें एक अतिरिक्त सुपरवाइजर लगा करके रूट डायवर्शन पर रोज यह व्यवस्था देखी जाए की आम जनता की आवागमन में किसी चौराहे पर कोई जाम आदि तो नहीं लग रहा है यदि लग रहा है तो तुरंत इसकी व्यवस्था करके, मार्शलों एवं आदमियों तथा कर्मचारियों की संख्या को बढाकर और डायवर्जन को विस्तार देकर, ठीक किया जाए।विधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने बताया कि डबल पुलिया से बर्रा तक मेट्रो का कार्य 29 जून 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा ओर मेट्रो की वजह से आने - जाने वाले लोगो को धूल के उड़ने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है नियमित पानी छिड़काव की व्यवस्था पर मॉनिटरिंग ठीक से की जाए ।धूल आदि बिल्कुल नहीं उढ़नी चाहिए, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर न पड़े, इसका विशेष ध्यान रखें।

# डीबीएस महाविद्यालय में गीता जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला एवं गीता पाठ का आयोजन

कानपुर। डीबीएस महाविद्यालय में गीता जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मानव श्रृंखला एवं गीता पाठ का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्रा ने गीता के महात्म्य पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि गीता में कर्मयोग, ज्ञान योग, भक्तियोग का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। आज विश्व के अनेक देशों में गीता पर शोधपीठ एवं अध्ययनशालाएं बनी हैं।संस्कृत विभाग की प्रभारी प्रो. प्रीति राठौर ने गीता के अनेक श्लोकों का वाचन किया और छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म से विमुख अर्जुन को कर्म में प्रवृत्त होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गीता के ज्ञान से जीवन-प्रबंधन, समाज प्रबंधन व राज्य प्रबंधन का संदेश मिलता है।इस अवसर पर छात्रों द्वारा गीता के संदेश को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुईं।

# चिकित्सकों ने एट्रियल और वीनस थ्रेबो एंबॉलिज्म के विषय में दिया व्याख्यान

कानपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा द्वारा फाइजर लिमटेड के सहयोग से एक सी0एम0ई0 प्रोग्राम का आयोजन सेमिनार हॉल, सेवा का मंदिर परेड में किया गया। आई0एम0ए0 अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने बीमारियों की गम्भीरता के विषय में बताया आगे बताया कि फेफड़ों की बीमारियां आजकल बढ़ती जा रही हैं। इससे संबंधित एक प्रमुख बीमारी और (एट्रियल और वीनस थ्रेबो एंबॉलिज्म) के बारे में व्याख्यान आयोजित किया गया।इस सी0एम0ई0 में प्रथम वक्ता प्रो. डॉ. कुणाल सहाय, वरिष्ठ परामर्शदाता चिकित्सक एवं उपाध्यक्ष, आईएमए कानपुर ने संदर्भ सेटिंग और प्रारंभिक टिप्पणियां विषय पर एवं द्वितीय वक्ता डॉ हर्ष अग्रवाल वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट रीजेंसी हॉस्पिटल, कानपुर ने विषय पर एवं तृतीय वक्ता डॉ. ए.के. सिंह, सीनियर कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजी, रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर ने पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ. कुणाल सहाय, सीनियर फिजिशियन और कार्डियोलॉजिस्ट ने इस बीमारी के बारे में इंट्रोडक्शन और इसके शरीर और दिनचर्या पर दुशप्रभाव के बारे में बताया।जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ हर्ष अग्रवाल ने एट्रियल फाइब्रिलेशन के इलाज के बारे में आधुनिक दवा व आपरेशन के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि ऑपरेशन आजकल बिना सीना खोले भी किया जा सकता है ।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद में जलाई मोमबत्ती



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जन जागृति मंच के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर बर्रा पटेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर एवं माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष विनोद मिश्र ने कहा वल्लभ भाई पटेल देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। देश के स्वतंत्र हो जाने के पश्चात विभिन्न रियासतों में भारत के विभिन्न भू राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका मैं रहने के कारण उन्हें लौह पुरुष भी कहा गया। उन्होंने किसानों के आंदोलन में अंग्रेजी हुकूमत को झुकने के लिए मजबूर किया किसानों को टैक्स में राहत दिलाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश वीर आर्य, भाजपा बर्रा मंडल अध्यक्ष संजय पासवान, मनीष मिश्रा, संतोष दीक्षित, दीपक श्रीवास्तव दुर्गेश त्रिपाठी सुरेश मिश्रा शशि भूषण सिंह मयंक पासवान योगेंद्र यादव हरबंस लाल चुघ आदि थे।

# विवेक हिंदू ने राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष को भेंट किया स्मृति चिन्ह

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शंखनाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक हिंदू द्वारा अपने समर्थकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष से औपचारिक भेंट की तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया द्य शंखनाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक हिंदू द्वारा कहा गया कि भारतवर्ष में विदेशी आक्रांताओं के आक्रमण ने तलवार के बल पर हिंदुओं को मुसलमान बनाया तथा अंग्रेजों ने पैसे के लालच दिखाकर को हिंदुओं को ईसाई बनाया द्य जातियों में बंटा हुआ हिंदू कभी भी हिंदू होने का गर्व नहीं कर सका जिसके कारण हिंदू बहुसंख्यक हिंदू राष्ट्र भारत वर्ष में हिंदुओं की हत्या हिन्दू लड़कियों को लव जिहाद में फंसाना हिंदुओं का धर्मांतरण हिंदुओं की जमीनों के साथ जमीन जिहाद हिंदू संपत्तियों को वक्फ़ बोर्ड के माध्यम से कब्जाना तेजी से हो रहा है अगर हिंदू समय रहते नहीं जागा और जातियों को छोड़कर एक नहीं



हुआ तो आने वाले समय में भारत वर्ष में भी वही परिस्थितियों होगी जो आज बांग्लादेश में है शंखनाद पार्टी के प्रदेश महासचिव राकेश मिश्रा जी ने कहा कि हिंदुओं के जीवन की रक्षा के लिए भारत सरकार को बांग्लादेश पर आक्रमण करके बांग्लादेश से अलग देश बनाना चहिए द्य पार्टी के संरक्षक रवि जी ने कहा कि स्वामी चिन्मय कृष्ण दास की जेल में हत्या हो सकती है उनकी जीवन को खतरा है निर्दोष हिंदुओं को जानबूझ कर जेल में बंद किया जा रहा है द्य स्वामी चिन्मय कृष्ण दास सहित सभी हिंदुओं को जल्द से जल्द जेल से रिहा किया जाए द्य शंखनाद पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आशीष जी ने कहा बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की लगातार हत्या की जा रही है हिंदुओं के मंदिरों को तोडा जा रहा है उनको पूजा पाठ करने से रोका जा का रहा हैद्य उनको अंतिम संस्कार भी नहीं करने दिया जा रहा है अगर समय रहते हिंदुओं की रक्षा नही की गई तो अफगानिस्तान और पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश में भी हिन्दू समाप्त हो जाएंगे द्य शंखनाद पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रशस्त धीर ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जलाया जा रहा है हिंदुओं को सरकारी नौकरियों से जबरन निकला जा रहा है हिंदुओं के बैंक खातों को सील किया जा रहा है शंखनाद पार्टी भारत सरकार से मांग करती है कि बांग्लादेश के हिंदुओं की समय रहते रक्षा की जाए अन्यथा की स्थिति में बांग्लादेश से भी हिंदू पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।

## माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का वार्षिक जनपदीय निर्वाचन एवं जिला कार्यकारिणी का गठन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट), कानपुर नगर का वार्षिक जनपदीय निर्वाचन 2024-25 एवं जिला कार्यकारिणी का गठन आज दिनांक 15 दिसंबर 2024 को निर्वाचन अधिकारी लालाराम दुबे (सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी, जिला अध्यक्ष, फरुखाबाद) की देखरेख में आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गोविंद नगर, कानपुर नगर में सम्पन्न हुआ, जिसमें जिला अध्यक्ष व जिला मंत्री पद पर क्रमशः राकेश तिवारी व अनिल सचान लगातार छठवीं बार निर्विरोध निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष व ऑडिटर पद पर क्रमशः मनीष मिश्र व रामकुमार निर्विरोध दूसरी बार निर्वाचित हुए। 6 जिला उपाध्यक्ष सीमा मल्होत्रा, ज्ञानेंद्र कुमार, राजकिशोर शर्मा, अनुराग मिश्रा, रामपाल साहू, रमेश चंद्र त्रिपाठी, 6 संयुक्त मंत्री श्वेता गुप्ता,मो आजम खाँ,चन्द्रजीत यादव, अतुल तिवारी, आनंद प्रकाश, देवर्षि वाजपेई निर्विरोध निर्वाचित हुए, इसके बाद नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। प्रदेशीय उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को अग्रिम दायित्वों के सफलता पूर्वक निर्वहन के लिए शुभकामनाएं देते हुए शिक्षक हितों के लिए सदैव संघर्ष के लिए तत्पर रहने का आशीर्वाद दिया!

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चला चाबुक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा मय फोर्स के घंटाघर चौराहा और फूलबाग पर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक चेकिंग अभियान चलाया गया । चेकिंग अभियान में मुख्य रूप से रॉन्ग साइड ड्राइविंग, बिना हेलमेट के वाहन चालक व बाइक पर ट्रिपल सवारी शामिल रही रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर रोकथाम-रॉन्ग साइड ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। इससे बचने के लिए पुलिस नियमित रूप से कार्रवाई करेगी। ?बिना हेलमेट के चालकों पर जुर्माना-बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को रोककर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई और हेलमेट के महत्व को समझाया गया।क्षबाइक पर ट्रिपल सवारी पर सख्त कार्रवाई-ट्रिपल सवारी के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। इसे रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया गया। ?सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता-चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। ?सख्त प्रवर्तन के निर्देश-ऐसे अभियान नियमित अंतराल पर चलाए जाएंगे ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनी रहे। जनता से अनुरोध किया कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यातायात



व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। ?चेकिंग में थाना प्रभारी कलेक्टरगंज, थाना प्रभारी हरवंशमोहाल, थाना प्रभारी बादशाहीनाका व थाना प्रभारी फीलखाना मौजूद रहे ।

# न्यायिक अधिकारी गण द्वारा कुल 61816 वादों का किया निस्तारण




बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर के तत्वाधान एवं जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर प्रदीप कुमार सिंह -द्वद्ध, की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कानपुर नगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक वाद, सिविल वाद, मोटरङ्कदुर्घटना वाद, राजस्व वाद, आरबीट्रेशन वादों के साथ- साथ बैंक व बीमा कम्पनी में लम्बित वादों को प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर प्रदीप कुमार सिंह -II, द्वारा दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया, इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम सब लोग राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन पर यहां एकत्र हुए है और हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाए। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (उत्तरी), नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित जनपद न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण व बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें। विशेष उल्लेखनीय है कि पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (नार्थ) द्वारा ...228... वाद, प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय द्वारा...29... वाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कानपुर नगर द्वारा ....30768...वाद, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, कानपुर नगर द्वारा...2288... वाद का निस्तारण किया गया इस प्रकार जनपद न्यायालय, कानपुर नगर के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 61816...वादों का निस्तारण कर कुल 24,72,28,643=00 रु0 धनराशि दिलायी / वसूल की गयी,

## दो युवकों ने सरेराह युवती से की मारपीट, वीडियो वायरल

कानपुर। चकेरी इलाके में एक युवती को मदद मांगना भारी पड़ गया। स्कूटी में पेट्रोल खत्म होने पर युवती ने दो युवकों से मदद मांगी। इसके बाद दोनों के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों युवकों ने मिलकर युवती को बीच सड़क बाल पकड़ कर जमकर पीटा। इस बीच किसी ने घटना का पूरा वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों युवकों का शांतिभंग में चलान किया है। युवती के साथ मारपीट होते देख कुछ लोगों ने बीच बचाव किया तो दबंग युवकों ने उन्हें भी धमाका। इस बीच युवती मदद की गुहार लगाती रही लेकिन किसी ने बचाने की हिम्मत नहीं जुटाई। वहीं, ये भी बताया जा रहा कि कुछ लोगों ने पकड़ युवकों को पुलिस के हवाले किया है।

# कानपुर उन्नाव खंड स्नातक क्षेत्र के एम एल सी अरुण पाठक का किया घेराव

## विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने मांग पत्र सौंपा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय मिश्र के नेतृत्व में आज सैकड़ों शिक्षकों ने कानपुर उन्नाव खंड स्नातक क्षेत्र के एम एल सी अरुण पाठक का घेराव कर 25 मार्च 2025 के विज्ञापित पदों पर चयनित शिक्षकों/ कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने संबंधी शासनादेश के अनुपालन में आ रही बेसिक शिक्षा विभाग की बाधाओं को दूर करने के लिए सहयोग की माँग की प्रदेश उपाध्यक्षअभय मिश्र का कहना है कि विशिष्ट बीटीसी 2004 के तहत के शिक्षकों का चयन 2004 की विज्ञप्ति के आधार पर हुआ था जिसके द्वारा प्रशिक्षण के उपरांत 40, हज़ार शिक्षकों की उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के पदों पर नियुक्ति का प्रावधान था परंतु विगत कई दिनों से विभागीय लाल फ़ीताशाही के कारण पुरानी पेंशन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है लखनऊ में बैठे कई विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उनका नियुक्ति का विज्ञापन नियुक्ति का विज्ञापन ना होकर प्रशिक्षण का विज्ञापन था परंतु शिक्षकों का कहना है कि ये ही एकमात्र विज्ञापन इनकी नियुक्ति जारी किया गया था।इसके अतिरिक्त कोई दूसरा विज्ञापन जारी नहीं किया गया था इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में अपने निर्णय में स्पष्ट किया था कि इस प्रक्रिया के तहत चयनित शिक्षकों के संबंध में पुरानी पेंशन के बारे में निर्णय सरकार के द्वारा लिया जा सकता है और शिक्षक अपना प्रत्यावेदन कि सरकार को प्रस्तुत करेंगे वे बेसिक शिक्षा विभाग के आदेश में वर्ष 2005 में स्पष्ट कहा गया था कि विशिष्ट बीटीसी 2004 के द्वारा चयनित शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अतिरिक्त विज्ञापन की आवश्यकता नहीं है अच्छा आता शिक्षकों ने शिक्षकों के हित में संघर्ष करने वाले एम एल सी अरुण पाठक से आग्रह किया कि वे इस प्रकरण पर शिक्षकों का पूर्ण सहयोग करने का कष्ट करें।

एम एल सी अरुण पाठक ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वे शिक्षकों को हर संभव सहयोग करेंगे तो तथा विभाग द्वारा उत्पन्न की जाने वाली बाधाओं को सक्षम अधिकारियों से वार्ता करके उनको दूर करने का प्रयास करेंगे इस बार उपस्थित सभी शिक्षकों ने अरुण पाठक का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर अभय मिश्र, पीताम्बर पाल,डॉक्टर प्रगति रघु सक्सेना, प्रदीप कुमार शर्मा , हनुमान प्रसाद, आनन्द सिंह, नीलम मिश्रा, सलिता सिंह, अरुण दुबे,मलय गुप्ता, विवेक सचान , कर्णवीर सिंह सचान ,रीता देवी . पूजा वाजपेयी, सोनिया गुप्ता ,वंदना गुप्ता मीना तिवारी ,निषिमा तोमर , सरिता श्रीवास्तव , संतोष आर्या , मुनीन्द्र सिंह, रवीन्द्र सिंह,अजय कुमार शर्मा , धीरेन्द्र शर्मा ,हनुमान प्रसाद , अमित दुबेअनिल मिश्रा ,जी पी मिश्रा , पल्लवी शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा, पवन त्रिपाठी, अश्विनी कुमार, सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।